www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें

वर्ष : 60, अंक : 114
रांची, शुक्रवार
26 अप्रैल 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत, 2081

सच का पैरोकार

# सूत्रकार



DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित

भाजपा संविधान और संवैधानिक अधिकार तथा आरक्षण की रक्षा की जिम्मेवारी बखूबी समझती है : बड़कुंवर गागराई

# झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से समीर मोहंती को दिया टिकट

**रांची, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) ने तीसरी और अंतिम लिस्ट जारी कर दी। इसके साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी। पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को जमशेदपुर से टिकट दिया गया है, वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि झामुमो द्वारा इससे पहले चार लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। लोकसभा चुनाव में कुल 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के तहत पांच सीटें झामुमो के खाते में आयी हैं। सात सीटें कांग्रेस, राजद व भाकपा माले को एक-एक सीट मिली है।

### झामुमो के पहले से चार उम्मीदवार हो चुके हैं घोषित

झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करने के बाद झामुमो द्वारा जमशेदपुर सीट से भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी। पार्टी ने समीर मोहंती के नाम पर मुहर लगा दी। झामुमो ने पिछले दिनों लोकसभा चुनाव 2024 को दूसरी सूची जारी की थी। इसमें दो लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गयी थी। आरक्षित लोकसभा सीट राजमहल से विजय हांसदा, वहीं सिंहभूम से जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले भी झामुमो ने दो लोकसभा सीटों दुमका व गिरिडीह पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दुमका से नलिन सोरेन व गिरिडीह सीट से मथुरा प्रसाद महतो को प्रत्याशी बनाया है।

**गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन के नाम पर लगी मुहर**





### अपनी सातों सीटों पर कांग्रेस कर चुकी है उम्मीदवार घोषित

झारखंड मुक्ति मोर्चा अब अपनी सभी पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी। गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी कल्पना सोरेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया। उधर, लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन की घटक दल कांग्रेस अपनी सभी सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। लोहरदगा, खूंटी, हजारीबाग, रांची, गोड्डा, चतरा व धनबाद से प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। पार्टी ने लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा, हजारीबाग से जेपी पटेल, रांची से यशस्विनी सहाय, गोड्डा से प्रदीप यादव, चतरा से केएन त्रिपाठी व धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

कोडरमा से विनोद व पलामू से ममता भुइयां

इंडिया गठबंधन के घटक दल भाकपा माले ने कोडरमा से विनोद कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है, वहीं राजद ने पलामू से ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

**जेईई मेन्स रिजल्ट में जेवीएम श्यामली के छात्रों ने लहराया परचम**

# 100 परसेंटाइल लाकर प्रियांश प्रांजल बने झारखंड टॉपर

**रांची, सूत्रकार**

जेईई मेंस सत्र 2 में जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया है। जेवीएम के प्रियांश प्रांजल ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर ऑल इंडिया में 30वीं रैंक हासिल किया है। जेवीएम की दूसरी छात्रा नेहा कुमारी ने 99.53 परसेंटाइल अंक लाकर पूरे देश में 7000वां रैंक हासिल किया है। इसके अलावा और भी कई छात्रों ने जैईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन किया है।

ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम में 100 परसेंटाइल अंक लाने वाले छात्र प्रियांश प्रांजल ने कहा कि आज उन्होंने जो सफलता हासिल की है, उसमें उनकी कड़ी मेहनत के अलावा उनके शिक्षकों के साथ-साथ उनके माता-पिता का भी अहम योगदान है।

जेईई मेंस फेज 2 में 99.53 परसेंटाइल अंक हासिल करने वाली नेहा कुमारी का कहना है कि वह आज इस स्थान पर इसलिए पहुंच पाई हैं क्योंकि उनके माता-पिता ने उनका दाखिला एक अच्छे स्कूल में कराया और वह अच्छे शिक्षकों के बीच पढ़कर ज्ञान हासिल कर पाई हैं।



उन्होंने समाज की अन्य लड़कियों के अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि झारखंड जैसे राज्य के ग्रामीण इलाकों में आज भी कई लड़कियां हैं जो शिक्षा से कोसों दूर हैं। क्योंकि उनके माता-पिता सोचते हैं कि लड़कियों को पढ़ाने से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शहरी क्षेत्र की लड़कियां अब पढ़-लिखकर समाज में आगे बढ़ रही हैं, उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी, तो हमारा समाज और अधिक विकसित होगा।

वहीं जेईई मेंस में 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त करने वाले तनिष्क तन्मय ने कहा कि कभी-कभी बच्चों को लगता है कि प्रवेश परीक्षा पास करने के लिए उन्हें बेहतर कोचिंग की आवश्यकता होगी। लेकिन अगर बच्चे स्कूल में अच्छी पढ़ाई करते हैं तो स्कूल में पढ़कर ही बच्चे बड़ी-बड़ी परीक्षाएं पास कर सकते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

### धनबाद में मिला कोरोना का संक्रमित मरीज

**धनबाद, सूत्रकार**

धनबाद में कोरोनावायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद मरीज को तत्काल केंद्रीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मरीज का उपचार जारी है। इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रताप ने बताया कि पश्चिम बंगाल से एक बीसीसीएल कर्मी धनबाद आया था। कोरोना के लक्षण पाए जाने के बाद उसे फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने कहा, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि धनबाद में मरीज ने किन-किन लोगों से मुलाकात की। जिन-जिन लोगों से उसने मुलाकात की होगी, उनका उपचार भी चिकित्सकीय निगरानी में शुरू किया जाएगा, ताकि वायरस को फैलने से रोका जा सके।

साल 2020 में कोरोनावायरस ने भारत में दस्तक देते ही चौतरफा हाहाकार मचा दिया था। इसके बाद पलक झपकते ही यह दुनियाभर में फैल गई। उन दिनों, कोरोना से लड़ने के लिए कोई वैक्सीन भी नहीं था। ऐसे में चुनौतियां ज्यादा हो गई थीं। इसके बाद, जब इससे निपटने के लिए वैक्सीन तैयार हुई, तब जाकर कोरोना के आतंक पर गहरा आघात पहुंचा।

### पलामू में नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**छतरपुर, एजेंसी**

पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के अर्जुनडीह गांव की सुखनादियां नदी में नहाने गयीं दो नाबालिग सगी बहनों की डूबकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन व गांववाले नदी पहुंचे और दोनों बच्चियों का शव नदी से बाहर निकाला। इधर, खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनडीह निवासी रसीद अंसारी की दो बेटियां सजदा खातून (12 वर्ष) और हाजरा खातून (10 वर्ष) गांव से होकर गुजरी सुखनादियां नदी में नहाने गयी थी। नदी में बालू माफियाओं द्वारा जेसीबी से बालू उठाव किया गया था, जिससे वहां दस फीट गहरा गड्ढा बन गया था। नहाने के दौरान दोनों बच्चियां उस गड्ढे में जा गिरीं, जिसमें दोनों की डूबने से मौत हो गयी।

# रांची में बर्ड फ्लू: हालात का जायजा लेने पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम

### खटंगा गांव में चला सेनेटाइजेशन कार्यक्रम

**रांची, सूत्रकार**

राजधानी रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पशुपालन विभाग लगातार दूसरे दिन भी बीमारी की रोकथाम के लिए सक्रिय दिखा। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार में आज भी संक्रमण रोकने के लिए चले अभियान में 1012 किलोग्राम कंटिमिनेटेड पॉल्ट्री फीड को नष्ट किया गया। वहीं, आसपास के क्षेत्रों में संक्रमण की संभावना समाप्त करने के लिए चूना और सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिड़काव किया गया।

क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के सहायक निदेशक (कुक्कुट) डॉ कमलेश कुमार पिंगले ने बताया कि आज तीन पशु चिकित्सकों डॉ ललन कुमार, डॉ कमलेश कुमार, डॉ गणेश कुमार महली के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम ने दिन भर बर्ड फ्लू के प्रसार को रोकने के लिए अभियान चलाया इसके साथ-साथ लोगों को बर्ड फ्लू से जुड़ी जानकारी भी दी गयी।



रांची के जिला पशुपालन अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि होटवार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर के रेडियस में मुर्गी-बत्तख एवं अन्य बर्ड के खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गयी है वहीं इसका ट्रांसपोर्ट भी नहीं होगा।

होटवार स्थित सरकारी क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र का लंबे दिनों तक चले रिनोवेशन कार्य के बाद 15 दिसम्बर 2023 से बत्तख और इसी वर्ष 28 फरवरी से मुर्गियों की फार्मिंग शुरू की गई थी। सहायक निदेशक (कुक्कुट) होटवार ने कहा कि बहुत अच्छे तरीके से फार्म हाउस चल रहा था लेकिन बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद फार्म हाउस को काफी नुकसान हुआ है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की उच्च स्तरीय टीम भी आज बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद हालात का जायजा लेने दिल्ली से रांची पहुंची। इस टीम में विशेषज्ञ डॉक्टर्स और महामारी रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि बर्ड फ्लू से इंसानों के संक्रमित होने का खतरा बेहद कम रहता है बावजूद इसके रांची स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह चौकस है। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह पका कर चिकन खाने से बीमारी फैलने का कोई खतरा नहीं रहता है लेकिन संक्रमित बर्ड को तौलने और उसे बनाने के क्रम में संक्रमण का खतरा जरूर रहता है।

# पटना के होटल में लगी भीषण आग में छह की मौत

**पटना, एजेंसी**

राजधानी पटना में जंक्शन के ठीक सामने स्थित बहुमंजिले पाल होटल में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। सुबह करीब साढ़े 10 बजे आग की सूचना सामने आयी और लगभग आधे घंटे के अंदर पूरी बिल्डिंग आग और धुएं से भर गई। होटल के बगल वाली बिल्डिंग में भी आग पहुंच गई और दोनों बिल्डिंग से सिर्फ आग और धुआं ही दिखा। इससे सटे पटना किराना को भी आग से खतरा है। अग्निशमन दस्ते का इंतजाम इस आग के सामने कमजोर साबित हो रहा है। बिल्डिंग के सामने स्थित पुल पर भी भीषण जाम लग गया है और स्टेशन रोड भी पूरी तरह जाम है। इधर, अगलगी के करीब डेढ घंटे एक शख्स की लाश बाहर निकाली गई। इसके आधे घंटे बाद दो युवतियों की लाशें बाहर निकाली गई।

पटना सेंट्रल रेंज के टीएसपी सत्य प्रकाश ने पुष्टि करते हुए बताया कि पाल होटल में लगे आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन महिला एवं तीन पुरुष हैं। दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में इलाज के लिए लगभग 20 लोगों को भर्ती कराया गया है।

**रसोई गैस से लगी आग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि किचन में लगी आग ने चार मंजिला इमारत को अपनी जद में ले लिया। ऊपर के फ्लोर पर नाश्ता कर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के होटल और दुकानों के लोग बाहर निकलकर सड़क पर आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को बाहर निकालने में जुटी हुई है।




फायर ब्रिगेड की टीम की मानें तो अब तक 30-35 लोगों को होटल से बाहर निकल गया है। रेस्क्यू अभी भी जा रही है। आग इतनी प्रचंड है कि लोग अंदर जाने से कतरा रहे हैं। इधर, जिन लोगों को फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला, उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा जा रहा है। मौके पर छोटे बड़े अग्निशमन के लगभग दर्जन भर गाड़ियां मौजूद हैं। लगातार आज को बुझाने का काम किया जा रहा है। इधर, भीषण आग ने पाल होटल के पास के दो अन्य होटलों में भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। हवा तेज होने के कारण पाल होटल के दाहिनी तरफ के दोनों होटल भी आग की जद में आ गए। अब तक करोड़ों रुपये के नुकसान की बात सामने आ रही है।

**राहुल गांधी को मानहानि केस में झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत**

# चाईबासा कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक

**रांची, सूत्रकार**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ चल रहे मानहानि केस में बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने केस के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चाईबासा जिला स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी को गैरजमानती वारंट जारी किया था। इस पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

चाईबासा निवासी प्रताप कटियार नामक शख्स ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उन्होंने वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारे को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है।



इस शिकायत वाद पर चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ अप्रैल 2022 में जमानती वारंट जारी किया था। इस पर राहुल गांधी की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद कोर्ट ने फरवरी, 2024 में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

राहुल गांधी के अधिवक्ता ने इस पर कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने की छूट मांगी थी, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया था। इसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचे।

# बेटे ने मां-बाप को उतारा मौत के घाट

**गुमला, सूत्रकार**

जिले के चैनपुर के लोरम्बा खड़िया टोली में रिश्ते को शर्मसार करने का मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने संपत्ति की खातिर अपने माता-पिता की हत्या कर दी। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतकों की पहचान लोरम्बा खड़िया टोली गांव के जेवियर मिंज और उनकी पत्नी डोरसिया मिंज के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी बेटा अर्पण मिंज जब भी काम से घर आता था तो अपने माता-पिता के साथ मारपीट करता था। इसी बीच बुधवार की शाम छह बजे उसका अपने माता-पिता से फिर किसी बात पर झगड़ा हो गया। इसे लेकर पंचायत भी हुई। जिसमें मामला शांत कराया गया।



लोगों ने बताया कि बाद में बेटे ने अपने माता-पिता की हत्या कर दी। जैसे ही अधेड़ दंपत्ति का शव उनके घर में मिला तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अजय यादव ने कहा कि अधेड़ दंपति की हत्या की गयी है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बेटे ने ही अपने माता-पिता की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के बेटे को हिरासत में ले लिया गया है। गुरुवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# दूसरे चरण का मतदान आज, 13 राज्यों की 89 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम व बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 'आउटर' मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चार सहित कुल 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया।

राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनय से राजनीति में आये अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस), कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) प्रमुख उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से लगातार तीसरी जीत की उम्मीद लगाये हुए हैं। कुल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर पिछले शुक्रवार को हुए पहले चरण के मतदान में लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ।

शुक्रवार को दूसरे चरण के बाद केरल, राजस्थान और त्रिपुरा में चुनाव संपन्न हो जाएंगे। वहीं 19 अप्रैल को पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (पांच), अरुणाचल प्रदेश (दो), मेघालय (दो), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (एक), मिजोरम (एक), नगालैंड (एक), पुडुचेरी (एक), सिक्किम (एक) और लक्षद्वीप (एक) में चुनाव संपन्न हो चुका है। लोकसभा चुनाव 2019 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इन 89 सीट में से 56 और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने 24 सीट पर जीत हासिल की थी। इनमें से छह सीट परिसीमन के बाद सामने आयी हैं। केरल में, 2,77,49,159 पात्र मतदाताओं में से पांच लाख से अधिक मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।



राहुल, वायनाड से मौजूदा सांसद हैं और उनका मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एनी राजा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के के. सुरेंद्रन से है। शशि थरूर, चौथी बार तिरुवनंतपुरम सीट से चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के चंद्रशेखर व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पन्नियन रवींद्रन से है। मथुरा लोकसभा सीट पर 2014 से भाजपा का पताका फहरा रही हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर से हैं जबकि कोटा से दो बार के सांसद ओम बिरला को कांग्रेस के प्रह्लाद गुंजल चुनौती दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री शेखावत जोधपुर सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारदा से है। बेंगलुरू दक्षिण से मौजूदा सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का मुकाबला कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से होगा। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल 30 साल से अधिक समय से भाजपा का गढ़ रहे राजनांदगांव से चुनाव लड़ रहे हैं। टीवी सीरियल 'रामायण' में भगवान राम का चरित्र निभाने वाले अरुण गोविल का मेरठ लोकसभा सीट पर मुकाबला बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के देवव्रत कुमार त्यागी और समाजवादी पार्टी (सपा) की सुनीता वर्मा से है।

न्यूज फ्लैश

## नदी में नहाने के दौरान दो सगी बहनों की डूबीं, मौत

**छतरपुर, सूत्रकार**

झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के अर्जुनडीह गांव की सुखनादियां नदी में नहाने गयीं दो नाबालिग सगी बहनों की डूबकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन व गांववाले नदी पहुंचे और दोनों बच्चियों का शव नदी से बाहर निकाला। इधर, खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है।मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनडीह निवासी रसीद अंसारी की दो बेटियां सजदा खातून ( 12 वर्ष ) और हाजरा खातून ( 10 वर्ष ) गांव से होकर गुजरी सुखनादियां नदी में नहाने गयी थी। नदी में बालू माफियाओं द्वारा जेसीबी से बालू उठाव किया गया था, जिससे वहां दस फीट गहरा गड्ढा बन गया था। नहाने के दौरान दोनों बच्चियां उस गड्ढे में जा गिरीं, जिसमें दोनों की डूबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेश रंजन दल-बल के साथ गांव पहुंचे और जांच-पड़ताल कर रहे हैं। घटना 12 से 1 बजे बीच की है। बताया जा रहा है कि गांव के पांच बच्चे नदी में नहाने गए थे। जब दोनों बहनें डूब गयीं, तो बाकी बच्चों ने घर आकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद दोनों बहनों का शव को गांववालों ने नदी से बाहर निकाला।

## सड़क पर धू-धू कर जलने लगी बाइक, मची अफरा-तफरी

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

जमशेदपुर के साकची जलेबी लाइन के पास गुरुवार दोपहर एक बाइक में अचानक आग गयी। इस घटना के बाद आस-पास के लोगों में अफरा तफरी मच गयी। वहीं, राहगीर विडियो बनाने में लगे रहे। अगलगी की जानकारी तुरंत फायर विभाग को दी गयी। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति जमशेदपुर के मेन रोड से अपनी पल्सर एन-एस 200 बाइक से एक दुकानदार से कपड़ा लेकर घर जा रहा था। साकची के जलेबी लाइन के पास रास्ते में एक होटल पड़ता है। वहां पर वह अपनी बाइक खड़ी कर होटल के अंदर जाता है। इसके कुछ देर बाद ही बाइक में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आस-पास में अफरा-तफरी मच गयी। तो वहीं कुछ लोग बाइक में लगी आग को बुझाने में लगे रहे।बातचीत के क्रम में उस व्यक्ति ने बताया कि बाइक में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं थी। कुछ दिन पहले ही मैंने अपनी बाइक की सर्विसिंग करायी थी। लेकिन आग कैसे लगी इसकी जानकारी मुझे भी नहीं है। इस घटना के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि, बाइक तब जलकर खाक हो चुका था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## यक्ष्मा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**चतरा, सूत्रकार**

विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को सदर अस्पताल के यक्ष्मा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यालय में कई चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी व आम लोग शामिल हुए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने टीबी होने के कारण व इससे बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मलेरिया की जानकारी ही बचाव हैं। इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करे। साथ ही आसपास के क्षेत्रो में जलजमाव नहीं करने की बात कही। सीएस ने कहा कि वर्ष 2025 तक चतरा जिला को मलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया कई प्रकार के कारणो का लक्षण बन सकता हैं। शुरुआत में बुखार, सिर दर्द, ठंड लगना कारण हो सकता हैं। समय पर इलाज कराने से यह पूरी तरह ठीक हो जाता हैं। लेकिन इसकी अनदेखी करने पर जान भी जा सकती हैं। सीएस ने कहा कि जिले के सभी अस्पतालो में मलेरिया की जांच व ईलाज मुफ्त में उपलब्ध हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रचार प्रसार कर जिले को मलेरिया मुक्त बनाने की बात कही। इसके अलावा जिले के अन्य प्रखंडो में भी ग्राम सभा, प्रभात फेरी समेत अन्य कार्यक्रम कर मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गयी। मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ डीएन प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कुमार उत्तम, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल, जिला शाखा प्रबंधक रविंद्र कुमार, वीबीडी कंसल्टेंट अभिमन्यु कुमार समेत कई चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी

**कैरो, सूत्रकार**

प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह में गुरुवार को प्रधानध्यापक देवनंदन नायक के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।मतदाता जागरूकता रैली विधालय से शुरू होकर अपने पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः विधालय पहुँची व बालसभा का बैठक किया।रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने -अपने हाथों में मतदान से सबंधित नारे लिख कर तख्ती लिए हुए थे। पहले मतदान फिर जलपान,18 वर्ष पूरी मतदान जरूरी,जन,जन की यही पुकार मत देना अपना अधिकार सहित अन्य नारे लिखे हुए थे। वही प्रधानध्यापक देवनंदन नायक ने छात्र-छात्राओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रेरित करते हुए कहा लोकतांत्रिक देश मे मतदान जरूरी है।मतदान से एक कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति का चुनाव होती है। जिसके नेतृत्व में देश का विकास निर्भर करता है। मौके पर विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डहरु मुंडा, सदस्य रसीद अंसारी, बुधवा मुंडा, रमिया उरांव, रौशन आरा, शिक्षक पवन खाखा, आशीष तिर्की, मो। खालिद अख्तर, कृष्णा उरांव, सयुम अंसारी, महाबीर उरांव, रौशन गुलाब आदि उपस्थित थे।

## विश्व मलेरिया दिवस के पर कई कार्यक्रम हुए

**लोहरदगा, सूत्रकार**

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड लोहरदगा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में मलेरिया दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राजकीयकृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के सभा कक्ष में विश्व मलेरिया दिवस पर परिचर्चा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू सह एमटीएस इंचार्ज मनीष कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को मलेरिया कैसे होता है विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगता है। मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से मलेरिया होता है। हम सभी आज के दिन संकल्प लेंगे की इस बीमारी से बचने के जो भी उपाय करने पड़े उपाय कर, लोगों को जागरुक करेंगे। समाज को जागरूक कर इससे छुटकारा पाने की कोशिश करेंगे। साथ ही साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चलाये जा रहे हैं। अभियान में अपनी सहभागिता भी देंगे, क्योंकि यह बीमारी पानी के जमाव के कारण होता है। हम पानी के जमाव को खत्म करेंगे इसके लिए केरोसिन तेल अथवा जले हुए मोबाइल का प्रयोग करेंगे। ग्रीष्म ऋतु शुरू होते ही मच्छर अपने संचरण काल में चले जाते हैं और जमे हुए पानी में अंडे देते हैं।अंडों को समाप्त करना है तो जमे हुए पानी को खत्म करना होगा। मच्छरों का संक्रमण रोकने के लिए मौसमी कीटनाशक छिड़काव भी होते हैं। जब छिड़काव शुरू हो आप सभी मौसमी कीटनाशक छिड़काव में छिड़काव कर्मी दलों को सहयोग करें एवं मच्छरों से निजात पायें। एमपीडब्ल्यू आलोक कुमार ने बतलाया कि सन 2000 से मलेरिया पर विश्व पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। परंतु 25 अप्रैल 2008 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मलेरिया दिवस मनाने का संकल्प किया तब से प्रत्येक वर्ष आज के दिन पूरे विश्व के कस्बो एवं अनेक विद्यालयों में गोष्टी कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यक्रम में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें तथा अनेक तरह के बीमारियों को खत्म करने की जो समय सीमा है उसे समय सीमा के भीतर ही जागरूकता लाकर सबको इस संबंध से अवगत करायें। विद्यालयों में छात्रों के बीच गोष्ठी कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## वृद्ध महिला की सड़क हादसे में हो गयी मौत

**पलामू, सूत्रकार**

पलामू जिला के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरुवार की सुबह एक 65 वर्षीय वृद्धा की सड़क हादसे में मौत हो गयी। बताया जाता है कि महिला सड़क पार कर रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उस वक्त वृद्ध महिला का पति भी उसके साथ था। मृतिका की पहचान सिमरा थाना क्षेत्र तेतराई गांव निवासी रामकली देवी के रूप में हुई है। वहीं उसके पति का नाम शिव प्रसाद ठाकुर है।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर जमकर बोला हमला, कही

# संपत्ति सर्वे के वायदे देश को खोखला करने वाला

**कोडरमा, सूत्रकार**




केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में संपत्ति के पूर्ण बंटवारे को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। चाराडीह स्थित अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस 60 के दशक से ही तुष्टीकरण की राजनीति करती आ रही है। इस बार भी वह तुष्टिकरण की राजनीति कर चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन जनता उसके मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार लोगों की आय बढ़ाकर देश को सशक्त बनाने में लगी है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पूंजीपतियों की संपत्ति हड़प कर देश को खोखला करने का घोषणापत्र जारी कर रही है। जिससे उनके इरादे साफ नजर आ रहे हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस घोषणापत्र में कह रही है कि बहुसंख्यक कमाएंगे और उसे अल्पसंख्यकों के बीच बांटा जाएगा, यह देश के लिए खतरा है। यह शुरू से ही कांग्रेस के एजेंडे में शामिल रहा है। अन्नपूर्णा देवी लगातार चुनाव प्रचार में लगी हुई हैं। इसी के मद्देनजर वह कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमलावर भी हैं। बता दें कि कोडरमा लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के तहत भाकपा माले के उम्मीदवार विनोद सिंह से होने वाला है।

## पानी की समस्या से परेशान महिलाएं बर्तन लेकर किया प्रदर्शन

**दुमका, सूत्रकार**

झारखंड की उपराजधानी दुमका के सदर प्रखंड के पुराना दुमका पंचायत के ग्रामीण पानी की समस्या से परेशान होकर बर्तन लेकर सड़कों पर उतर आये। समस्या से जूझ रही महिलाओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो हम आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देंगे। दरअसल, दुमका जिले के सदर प्रखंड के पुरानी दुमका पंचायत के मोरटंगा रोड के केवटपाड़ा इलाके में पानी की गंभीर समस्या है। इससे निराश होकर महिलाएं बर्तन लेकर सड़क पर उतर आईं। उनका कहना है कि इस इलाके में सिर्फ एक हैंडपंप है और वह भी करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है। वहां से पानी लाकर हमें गुजारा करना पड़ रहा है। जबकि हमारे घर के सामने से हिजला जलापूर्ति पाइपलाइन गुजरी है, लेकिन इसका लाभ हमें नहीं मिला। इन महिलाओं का कहना है कि वे पानी की समस्या को लेकर पिछले छह माह से समाहरणालय का चक्कर लगा रही हैं। स्थानीय मुखिया से भी कई बार मुलाकात की। हमारी समस्या पर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि। इस भीषण गर्मी में हमें पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इन महिलाओं का कहना है कि पानी लाने में हमारा काफी समय बर्बाद हो जाता है। जिसका असर हमारी दिनचर्या पर पड़ता है। वह कहती हैं कि अगर प्रशासन और जन प्रतिनिधि हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं तो हम भी आगामी लोकसभा चुनाव में वोट देने नहीं जायेंगे। इस मामले पर हमने पुराना दुमका पंचायत के मुखिया रवींद्र बास्की से बात की। उन्होंने यह भी माना कि महिलाओं की समस्या बेहद गंभीर है। मुखिया ने कहा कि इस क्षेत्र से जलापूर्ति योजनाओं की दो पाइपलाइन गुजरी है, लेकिन पेयजल विभाग की लापरवाही के कारण यह क्षेत्र जलापूर्ति से वंचित रह गया है। उन्होंने कहा कि हमने भी इन ग्रामीणों के लिए काफी प्रयास किया लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मुखिया रवीन्द्र बास्की कहते हैं कि अब हमने सोचा है कि इस समस्या से संबंधित लोगों के आवेदन को सीधे प्रधानमंत्री तक भेजेंगे, क्योंकि निचले स्तर पर हम थक गये हैं।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

**पलामू, सूत्रकार**

जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गयी। जिसमें दो युवकों के शव लेकर परिजन भाग गए और उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया। पहली घटना पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र की है, जहां बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पलामू के रेहला थाना क्षेत्र की है, जहां बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी और दूसरा गंभीर है। पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के लहलहे में नेशनल हाईवे 75 पर बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में तीन युवक घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीण दो युवकों को इलाज के लिए पलामू ले गये। उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों का शव लेकर भाग गये। अस्पताल में दोनों की पहचान उजागर नहीं की गई। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार एक युवक पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र का जबकि दूसरा युवक पलामू सदर थाना क्षेत्र के चियांकी इलाके का रहने वाला था। परिजनों ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया और अंतिम संस्कार भी कर दिया। सतबरवा थाना प्रभारी अंकित कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों या किसी के द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गयी है। ऐसे मामलों में अस्पताल की ओर से भी जानकारी दी जाती है। पुलिस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है। मृत भैंस से टकराने से युवक की मौतदूसरी घटना पलामू के रेहला थाना क्षेत्र की है। जहां एक बाइक सवार युवक सड़क पर मृत भैंस से टकरा गया। इस टक्कर में आनंद कुमार नाम के युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनंद कुमार अपने भाई को लेने जा रहे थे तभी ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत हो गई थी और दोनों भैंसें सड़क पर पड़ी हुई थीं। इसी से टकराने से युवकों के साथ हादसा हो गया। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की आगे की जांच कर रही है।

## बिरसा की नैया पर भाजपा और कांग्रेस सवार

**खूंटी, सूत्रकार**

भगवान बिरसा मुंडा के नाम से पहचान बनी झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर अक्सर राजनीति होती रही है। भाजपा का दावा है कि बिरसा मुंडा को उसने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, जबकि कांग्रेस कहती है भगवान बिरसा मुंडा उनके हैं। अब सवाल यह है कि आखिर भगवान किस पार्टी के हैं। खूंटी में कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। उसके बाद 200 मीटर के दायरे में दोनों राजनीतिक दलों की जनसभा का आयोजन हुआ। भाजपा ने बिरसा मुंडा का जिक्र करते हुए कहा कि देश के इतिहास में पहली बार कोई प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा को नमन करने उनकी जन्मस्थली पहुंचा और श्रद्धांजलि अर्पित किए। जबकि कांग्रेस के मंच पर भगवान के वंशज मौजूद थे। भाजपा के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने नामांकन के बाद सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन किया। उसके बाद भाजपा ने पतरा मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

### शत-प्रतिशत मतदान को ले प्रशासन ने झोंकी ताकत

# गिरिडीह में रन फॉर वोट का आयोजन

**गिरिडीह, सूत्रकार**




लोकसभा चुनाव में मत का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़े इसे लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा पूरी ताकत झोंक दी गई है। जहां गांव-गांव में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं गुरुवार को गिरिडीह में रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के नेतृत्व में पदाधिकारी, स्कूली बच्चे व जवानों ने दौड़ लगायी। लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित इस दौड़ की शुरूआत झंडा मैदान से की गई। कालीबाड़ी, बड़ा चौक, नगर भवन, न्यू सर्किट हाउस होते हुए सभी फिर से झंडा मैदान पहुंचे। यहां डीसी ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। बच्चों को यह कहा गया कि वे अपने अभिभावक को जागरूक करते हुए वोटिंग के दिन मतदान केंद्र पर अवश्य भेजे।

यह बताया गया कि देश के विकास के लिए मतदान जरुरी है। इस दौरान डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी, उपनगर आयुक्त विशालदीप खलखो, सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे। इधर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरुकता को लेकर एलईडी वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंड में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है वहां यह जागरुकता वैन अवश्य ही पहुंच रहा है। जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा का कहना है कि हर हाल में शत प्रतिशत मतदान करवाना है और इसी उद्देश्य में जिला की पूरी टीम जुटी है।

### निशिकांत दुबे गांव-गांव जाकर जनता से कर रहे हैं सीधा संवाद, कहा

# होगी सबसे बड़ी जीत, कांग्रेस प्रत्याशी की नहीं बचेगी जमानत

**दुमका,सूत्रकार**



गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार सांसद बनने के लिए भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे मंच, माइक, बैनर, पोस्टर और झंडे का इस्तेमाल नहीं कर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे मैं लोगों से ज्यादा जुड़ पा रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि एक बड़े अंतर से भाजपा की यहां जीत होने जा रही है। जबकि कांग्रेस की जमानत नहीं बचेगी। गोड्डा सीट से भाजपा प्रत्याशी लगातार चौथी बार लोकसभा में पहुंचने के लिए जनसंपर्क स्थापित कर रहे हैं। इस बार वे इलेक्शन कैंपेनिंग के दौरान कहीं भी मंच, माइक, बैनर, पोस्टर, झंडे का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने पितका, बरमासा, कालाडुमरिया, रायकिनारी, आमड़ाकुंडा, कुशमाहा - चिकनिया, बनवारा, राजासिमरिया, खरबिला भालकी, हथनामा, बरमसिया और सहारा गांव पहुंचकर वहां के लोगों से रूबरू हुए। कभी गांव के खेत में तो कभी गांव के चौपाल पर लोगों से बातचीत कर उनकी बातें सुनी, उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से यह जाना कि वे अपने सांसद के साथ मोदी सरकार से क्या चाहते हैं। खास बात यह रही की सभी उम्र के लोग, महिला और पुरुष उनसे मिलने, उनसे संवाद स्थापित करते नजर आए। निशिकांत दुबे ने कहा कि इस बार मैं मंच, माइक की जगह जनता के बीच बैठकर उनसे बातें कर रहा हूं। उनकी भावनाओं व समस्याओं से अवगत हो रहा हूं ताकि आने वाले दिनों में मैं ज्यादा बेहतर काम कर सकूं। उन्होंने दावे के साथ कहा कि झारखंड के जो सभी 14 लोकसभा सीट है, उसमें गोड्डा लोकसभा सीट पर जो भाजपा की जीत होगी वह सबसे ज्यादा मतों से होगी। निशिकांत दुबे ने कहा कि इस क्षेत्र में मेरे द्वारा किए गए विकास कार्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी मेरा चुनावी मुद्दा है। मैंने पीएम मोदी के विकास कार्यों को अपने लोकसभा क्षेत्र में उतारने का काम किया है और जनता इससे काफी प्रभावित है। वे इस बात का भरोसा दे रहे हैं कि आएगी तो भाजपा ही। उन्होंने कहा कि यहां का माहौल देखकर मुझे यह महसूस हो रहा है कि यहां कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त होने जा रही है।

## भाजपा व आजसू नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**कुडू, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने तथा नामांकन के बाद से चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को तपती गर्मी के बावजूद एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा व आजसू के नेताओं ने प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर भाजपा नेता अमित कुमार बंटू ने प्रखंड के सलगी व बड़की चांपी पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में बैठक करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं की बहार लायी है। आमजन के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई जन कल्याणकारी वह राष्ट्रहित में योजनाओं का संचालन किये हैं। आज से 10 साल पहले हमारी माता व बहनों को शाम होने का इंतजार करना पड़ता था। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर घर शौचालय देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। लोहरदगा लोकसभा सीट पर एनडीए समर्थित उम्मीदवार समीर उरांव भारी मतों से चुनाव जीतकर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे ।बैठक में पहुंचे आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने कहा कि आजसू व भाजपा के एक एक कार्यकर्ता एनडीए समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए तन मन व धन से जुट जायें।

## सिमडेगा में मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**सिमडेगा, सूत्रकार**

झारखंड के सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गे की मूर्ति की चोरी की गयी है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है। वे जल्द से जल्द मां दुर्गे की प्रतिमा को बरामद कर फिर से स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। डॉग स्क्वॉयड व फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि बीती रात अष्टधातु की मूर्ति की चोरी की गयी है। 2018 में भी इसी मंदिर से मां की मूर्ति चोरी की गयी थी।आज गुरुवार अहले सुबह गांव के लोगों ने जब मंदिर का दरवाजा खोला, तब अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा गायब मिली। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मंदिर परिसर में पहुंच गए। इसके बाद पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी और प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच-पड़ताल करने के बाद मूर्ति की बरामदगी के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। मूर्ति चोरी की घटना आग की तरह कदम टोली गांव में फैल गयी। सुबह में ही काफी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचे। ग्रामीणों में चोरी की घटना को लेकर आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि सिमडेगा में विधि-व्यवस्था चौपट हो गयी है। इस कारण मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरी हुई मां दुर्गे की प्रतिमा को बरामद कर मंदिर में स्थापित किया जाए। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने इस घटना पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह चोरी की घटना विधि-व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। ऐसी स्थिति में कदम टोली मंदिर से मां दुर्गा की अष्टधातु मूर्ति की चोरी की घटना पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर सवाल उठा रहा है। यहां पर बताते चलें कि 2018 में भी कदम टोली दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । लगभग 15 दिनों के बाद चोरी हुई प्रतिमा को नदी के किनारे से बरामद किया गया था। घटना में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस असफल रही है। फिर कदम टोली मंदिर में ही चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

# तड़ीपार ढिल्लन सिंह देवघर से गिरफ्तार, बिहार के लखीसराय में दर्ज हैं हत्या के दो मामले

**देवघर, सूत्रकार**



झारखंड की देवघर पुलिस ने तड़ीपार बृजनंदन सिंह उर्फ ढिल्लन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। जिला बदर करने के बाद भी वह देवघर जिले के विलियम्स टाउन कृष्णापुरी स्थित अपने घर में छिपकर रह रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक्शन लिया और उसे उसके घर से अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई वर्षों से जमीन का कारोबार कर रहा था और पुलिस की पकड़ से दूर था। इसके खिलाफ बिहार में हत्या के दो मामले दर्ज हैं। गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। कई महीनों से वह फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक शहर के कुंडा एवं अन्य इलाकों में ढिल्लन सिंह कई वर्षों से अवैध तरीके से जमीन कारोबार कर रहा था। जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के अलावा उसके खिलाफ कई अन्य संगीन मामले भी दर्ज हैं। बिहार के लखीसराय में ढिल्लन सिंह के पर हत्या के दो मामले चल रहे हैं। देवघर से करीब डेढ़ साल पहले ढिल्लन को जिला बदर किया गया था। बावजूद इसके 19 फरवरी को वह छिपकर पुत्री की शादी में देवघर पहुंच गया था। गुप्त सूचना पर पुलिस विवाह भवन बंपास टाउन स्थित विवाह भवन में छापेमारी करने गयी थी तो हो-हंगामा हो गया था और चकमा देकर ढिल्लन भाग गया था। उस घटना को लेकर भी देवघर नगर थाने में ढिल्लन सहित अन्य के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शहर के बंपास टाउन इलाके में स्थित एक विवाह भवन में 19 फरवरी 2024 की रात को पुत्री के शादी समारोह में देवघर पुलिस-प्रशासन द्वारा जिला बदर किये गये आरोपी के पहुंचने की सूचना पर की गयी छापेमारी के दौरान हुए हो-हंगामे को लेकर नगर थाने में अलग-अलग तीन प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहला मामला एसडीपीओ ऋत्विक श्रीवास्तव की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसमें जिला बदर आरोपी नगर थाना क्षेत्र के बेलाबगान दुगार्बाड़ी निवासी बृजनंदन सिंह उर्फ ढिल्लन सिंह को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में आरोपी पर आदेश उल्लंघन करते हुए शादी समारोह में देखे जाने का आरोप है। मामले की सूचना पर पुलिस छापेमारी के लिए पहुंची तो सूचना सही पाया गया, समारोह में पहुंचे अज्ञात लोगों द्वारा हो हल्ला किया गया, जिससे भीड़ व अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपी के भागने का जिक्र है। आरोपी पर बिना अनुमति के जिले में आकर समारोह में शामिल होना व आदेश उल्लंघन का आरोप है। इसी मामले में दूसरी प्राथमिकी एसआई प्रवीण कुमार ने नगर थाने में दर्ज करायी थी, जिसमें आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस टीम पर धक्का मुक्की कराने का आरोप है। इस मामले में जिला बदर आरोपी बृजनंदन सिंह उर्फ ढिल्लन सिंह सहित जिला परिषद अध्यक्ष टनटन सिंह के अलावा सरकारी अंगरक्षक पुलिसकर्मी, अन्य कई नामजद व अज्ञात चार दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसी से जुड़ा तीसरा मामला एसआई अनुप कुमार की शिकायत पर जिला बदर ढिल्लन सिंह सहित उनके पुत्रों, बंपास टाउन स्थित एक विवाह भवन के मैनेजर व जैन मंदिर रोड स्थित एक होटल मैनेजर व अन्य को आरोपी बनाते हुए दर्ज कराया गया था। आरोपियों पर बिना आदेश के विवाह भवन व होटल में आकर संरक्षण लेने और होटल सहित विवाह भवन के मैनेजर के अलावा ढिल्लन के पुत्रों पर अवैध तरीके से जिला बदर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप है।

न्यूज फ्लैश

## कांग्रेस के न्याय पर जनता को पूरा भरोसा - सीता राणा



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा चुनाव में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने झरिया, सिंदरी , सहरपुरा, अम्बेडकर नगर में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया।

सीता राणा ने मौके पर कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है जानता को अब झूठे सपनो पर भरोसा नहीं है। देश की आम जनता को अब कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा है। कांग्रेस ने देश में वास्तविक विकास किया जिसे झूठ से दबाया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान बुजुर्गों को पेंशन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य की भरपूर सुविधा मिलेगी।इसलिए झूठे वादों पर नही बल्कि सत्य के साथ कांग्रेस को वोट देना है।

जिला सचिव सह सिंदरी विधानसभा प्रभारी हेमंती जयसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को रिकॉर्ड मतो से बिजाई बनाने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस जन कल्याणकारी विचारधारा की पाटी है। राष्ट्र हित में कांग्रेस को वोट करें।

मौके पर मीना देवी, नूतन विश्वकर्मी, मुस्कान खातून, पायल देवी, जानकी देवी, आरती देवी, गुड़िया देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, चित्रा देवी, सोनिया देवी, सपना देवी, मंटू कुमार, रतन राम, मंगल राम, सागर कुमार, चमेली देवी, मीना देवी आदि मौजूद थी।

## भीषण गमी को देखते हुए पिछले एक सप्ताह से धनबाद गोमो और कोडरमा तीनों स्टेशनो पर जल वितरण का कार्य किया जा रहा है



**धनबाद,**इस भीषण गमी को देखते हुए माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स,रोवर,रेंजर्स,एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन,गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा हैं। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सरहाया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गमी में आपसबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड़ से निकलकर पानी लेना युद्ध लड़ने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे है यूँही करते रहे हम सब की दुआ आप सबो के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे है । लोगो का कहना था कि इस पहल के लिए आपके मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को आभार एवं साधुवाद।

## पेयजल संकटग्रस्त गॉवों मे टैंकर द्वारा जलापूर्ति का शुभारंभ

मैथन, नैगम सामाजिक दायित्व, दामोदर घाटी निगम, मैथन के तहत हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आसपास के पेयजल संकटग्रस्त गॉवों मे टैंकर द्वारा जलापूर्ति का शुभारंभ उपमहाप्रवंधक प्रशासन सह हेड एच आर श्री अनूप पुरकायस्थ, वरीय प्रबंधक (असैनिक) श्री लोमस कुमार तथा सीएसआर के प्रबंधक डॉ कौशलेन्द्र कुमार द्वारा नारियल फोड़कर किया गया विदित हो कि सीएसआर के मैथन झारखण्ड क्षेत्र के पोराडीहा, टूनापाड़ा, बड़जोड़, मंगलमारा, कालिमाटी एवं इनके दो अलग-अलग टोला /क्लस्टर, मेढ़ा बौरी टोला एवं अन्य दो क्लस्टर, गोंगना एवं पोयलाडीह सहित 10 गॉवों के 12 टोला मे 5000 लीटर जल क्षमता वाले टैंकर द्वारा प्रतिदिन प्रति गांव एक टैंकर के हिसाव से जलापूर्ति हेतु पहला टैंकर पोराडीहा ग्राम के लिए उपमहाप्रवंधक प्रशासन सह हेड एच आर श्री अनूप पुरकायस्थ एवं वरीय प्रबंधक (असैनिक) श्री लोमस कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

इस तरह से टैंकर द्वारा जलापूर्ति आगामी 10 जूलाई 2024 तक जारी रहेगीं मौके पर दा. घा. नि. मैथन के हिन्दी अधिकारी सह जनसम्पर्क अधिकारी श्री अरबिन्द कुमार सिंह, मैथन डिवीजन के प्रबंधक (असैनिक) बन्दन राय, उप-प्रबंधक (असैनिक) राजेश कुमार, कनीय अभियंता (असैनिक) उत्पल साहा, नैगम सामाजिक दायित्व के सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजमोहन महतो इत्यादि मौजूद थे

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली

**धनबाद :** जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, वी.बी.डी. सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# शहजादा की एक्स-रे मशीन अब माताओं-बहनों की अलमारी की जांच करेगी: पीएम मोदी



**आगरा:** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और भारत गुट पर तीखा हमला किया , उन पर व्यवस्थित लूट का आरोप लगाया, और कहा, ₹लूट करना उनकी कार्यप्रणाली है - दोनों वर्तमान में और उसके बाद का जीवन ('जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी') ।₹ पीएम ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि शहजादे की एक्स-रे मशीन अब माताओं-बहनों की अलमारी की जांच करना चाहती है. गुरुवार को आगरा के कोठी मीना बाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए , मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा कटाक्ष किया , उन्होंने कांग्रेस नेता का जिक्र करते हुए कहा, ₹शहजादे की एक्स-रे मशीन अब माताओं और बहनों की अलमारी की जांच करना चाहती है ।₹ आम नागरिकों की अलमारी और लॉकर सहित उनके सामानों की जांच के लिए ₹एक्स-रे मशीन₹ का उपयोग करने के बारे में राहुल गांधी की बयानबाजी। मोदी ने ओबीसी को उनके आरक्षण के अधिकार से वंचित करने की कांग्रेस और उसके सहयोगियों की साजिश के बारे में चिंताओं को उजागर किया । उन्होंने यादवों और ओबीसी के साथ सरासर विश्वासघात करते हुए इस साजिश में कांग्रेस के साथ शामिल होने के लिए समाजवादी पाटी की भी आलोचना की ।

उन्होंने लोगों को उनकी पैतृक संपत्तियों को लूटने की कांग्रेस की योजना के खिलाफ लोगों को आगाह किया। मोदी ने समृद्ध भारत के लिए अपने मिशन को दोहराया और मतदाताओं से प्रगति और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। आगरा में रक्षा गलियारे पर बोलते हुए , प्रधान मंत्री ने टिप्पणी की, ₹गलियारे ने अंतरराष्ट्रीय हथियार डीलरों के साथ संबंधों के माध्यम से धन इकट्ठा करने के आदी व्यक्तियों को अस्थिर कर दिया है। पिछले प्रशासन ने भ्रष्ट प्रथाओं के माध्यम से ऐसे लेनदेन की सुविधा प्रदान की, जिससे हथियार दलालों को बेखौफ काम करने की अनुमति मिली ।₹ प्रधान मंत्री के अनुसार, देश के भीतर ये निहित स्वार्थ घरेलू हथियार उत्पादन और क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर उनके जोर के प्रति नाराजगी रखते हैं। उन्होंने कहा, ₹उनका गुस्सा भारत के सशस्त्र बलों द्वारा रक्षा क्षमताओं में स्वायत्तता हासिल करने की संभावना से उपजा है। नतीजतन, ये गुट मोदी की पहल के विरोध में एक साथ लामबंद हो गए हैं ।प्रधानमंत्री ने देश के कल्याण पर वोट बैंक को प्राथमिकता देने के लिए भारतीय गठबंधन की आलोचना की। उन्होंने इस दृष्टिकोण की तुलना बिना पक्षपात के सभी पात्र लाभार्थियों तक लोक कल्याण योजनाएं पहुंचाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता से की और इसे धर्मनिरपेक्षता और वास्तविक सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति बताया। मोदी ने सभी नागरिकों के लिए मुफ्त राशन, स्वास्थ्य देखभाल, आवास, स्वच्छता और स्वच्छ पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। राष्ट्रीय प्रगति के लिए अपने प्रशासन के समर्पण पर जोर देते हुए, उन्होंने जमीनी स्तर पर इन पहलों को लागू करने के लिए

## डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस: राजनाथ सिंह



लखीमपुर खीरी/कानपुर: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार 25 अप्रैल को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से पाटी चल रही है, वह जल्द ही डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी.

सिंह ने खीरी से पाटी उम्मीदवारों (केंद्रीय मंत्री) अजय कुमार मिश्रा और धौरहरा निर्वाचन क्षेत्र से रेखा वर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ह्लभाजपा एकमात्र ऐसी पाटी है जिसने लोगों से जो वादा किया था उसे पूरा किया।

उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार राम शंकर कठेरिया के समर्थन में कानपुर में एक चुनावी रैली को भी संबोधित किया.

लखीमपुर खीरी में अपने आधे घंटे से अधिक लंबे संबोधन में, सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के बाद से भारत रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विकास के मामले में कैसे आगे बढ़ा है।

समाजवादी पाटी (सपा) और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि वो दिन करीब आ गए हैं जब ये पार्टियां अतीत की बात हो जाएंगी.

उन्होंने कहा, "कांग्रेस जिस रास्ते पर चल रही है, वह डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।"

उन्होंने लोगों को विरासत कर के बारे में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी की याद दिलाते हुए उन्हें आगाह करते हुए कहा कि ₹कोई भी भारतीय परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद अपनी संपत्ति का 55% हिस्सा छोड़ने की अनुमति नहीं देगा₹।

लोगों से भाजपा सरकार को फिर से सत्ता में लाने के लिए वोट करने का आग्रह करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पाटी है जो अपने वादे पर काम करती है और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, प्रतिबंध लगाने जैसे कुछ कदमों का उल्लेख किया। तत्काल तीन तलाक और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का कानून बनाना।

सिंह ने जोर देकर कहा, ₹राम लल्ला अब कुटिया से अपने शाही महल में चले गए हैं, जो दर्शाता है कि भारत में राम राज्य शुरू हो गया है ।₹

भारत-चीन सीमा पर सुरक्षा खतरे को नजरअंदाज करने के लिए पूर्ववती कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, ह्लकांग्रेस सरकारें चीनी घुसपैठ के डर से चीन सीमा पर सड़क निर्माण से बचती थींङ्घ हालांकि, आज मोदी सरकार के तहत, सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया गया है। मजबूत किया गया है और जरूरत पड़ने पर सेना उचित जवाब देने के लिए तैयार है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, "जब मुझे पता चला कि यूपी की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रही है तो मुझे गर्व महसूस हुआ।

## छठ करने आ रही महिला को कार ने कुचला

**पटना:** ई-रिक्शा से अपनी बहन के घर गोसाईंमठ आ रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई. वहीं, उसका तीन वषीय बेटा व ई-रिक्शा में बैठे अन्य यात्री जख्मी हो गई. मृतका की पहचान बिक्रम के जमालपुर गांव निवासी अरविन्द मांझी की पत्नी सियामणि देवी(25) के रूप में हुई है. घटना पटना-गया भाया डोभी एनएच 22 पर धनरुआ के डीएवी स्कूल और पेट्रोल पंप के बीच शुकवार दोपहर की है.अनियंत्रित कार ने सवारी लेकर जा रही एक ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे ई रिक्शा में सवार सियामणि देवी गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के एक घंटे बाद तक वह सड़क पर तड़पती रही. हालांकि बाद में ग्रामीणों व पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद चालक घटनास्थल पर ही गाड़ी छोड़ फरार हो गया. इस घटना में ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.


## बिहार लोकसभा चुनाव 2024: जदयू, राजद फिर परिवारवाद द्वंद्व में फंसे



**पटना:** बड़े परिवार और वंशवाद को लेकर राजद और जदयू के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है. पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा अपने पिता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर बड़ा परिवार रखने को लेकर कटाक्ष करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करने के बाद, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पाटी बड़े परिवारों और वंशवादी राजनीति दोनों के खिलाफ है ।त्यागी ने कहा, जनसंख्या का विशाल आकार देश के सामने एक बड़ी चुनौती है और मेरी पाटी परिवार नियोजन के दृढ़ता से पक्ष में है।

जदयू नेता ने कहा कि उनकी पाटी भी वंशवादी उत्तराधिकार के खिलाफ है जैसा कि राजद में होता था। अब राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के छह सदस्य सक्रिय राजनीति में थे.लालू और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा उनके दो बेटे और दो बेटियां राजनीति में हैं. उन्होंने कहा कि यादवों ने राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, लेकिन लालू अन्य यादवों को एक मजबूत नेता के रूप में उभरने के लिए तैयार भी नहीं कर रहे हैं और केवल अपने परिवार के सदस्यों को बढ़ावा दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, नीतीश, पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और क्रांतिकारी नेता जयप्रकाश नारायण ने खुद को सच्चा समाजवादी साबित करते हुए कभी भी अपने परिवार को बढ़ावा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यहां तक कि पूर्व उत्तर प्रदेश और समाजवादी पाटी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने भी अपने परिवार को राजनीति में आगे बढ़ाया।

# तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी से पूछा, आपने 10 साल में बिहार को क्या दिया



पटना : दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री पर कई आरोप लगाए और पूछा, ₹पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने बिहार को क्या दिया है?₹ शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान में पांच लोकसभा क्षेत्रों भागलपुर, बांका, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में मतदान होगा।

मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि आप संविधान और लोकतंत्र को क्यों खत्म करना चाहते हैं? आप दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण और नौकरियां क्यों छीनना चाहते हैं?₹ यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में हिंदी में कहा.

आप (पीएम मोदी) गरीबों को और गरीब और अमीरों को और अमीर क्यों बनाना चाहते हैं? बिहार ने आपको 40 में से 39 सांसद दिए लेकिन आपने 10 साल में बिहार को क्या दिया? आप बिहार आकर काम के बारे में बात क्यों नहीं करते?₹ ?₹ उन्होंने आगे पूछा.

2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने बिहार की 40 में से 39 सीटें जीतीं।

इससे पहले, यादव ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पाटी के अध्यक्ष जेपी नड्डा 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले अपने हालिया बिहार दौरे के दौरान मतदाताओं के बीच बांटने के लिए नकदी से भरे पांच बैग लाए थे।

बुधवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, ₹मुझे खबर मिली है कि वह (बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा) अपने साथ कई बैग लेकर आए हैं. वह उन जगहों पर बैग बांट रहे हैं जहां चुनाव हो रहे हैं. आरोपों की जांच करा लें.₹ सच है. मैं झूठ नहीं बोल रहा हूं. एजेंसियां उसकी खुलकर मदद कर रही हैं. वह दिल्ली से आ रहा है और अपने साथ पांच बैग भी ला रहा है."

बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से चार सीटों जमुई, नवादा, गया और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दौरान मतदान हुआ।

बाकी सीटों पर आम चुनाव के शेष छह चरणों में मतदान होगा, दूसरा चरण 26 अप्रैल को होगा।

कुल मिलाकर, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 89 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

## पत्नी वियोग में पति ने फांसी लगायी,पेड़ से लटकता हुआ शव बरामद

**खड़गपुर** .पश्चिम मेदिनीपुर जिला अंतर्गत ग्वालतोड़ के शिरषा गांव में एक व्यक्ति ने पत्नी वियोग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।उसका शव पुलिस ने उसके मकान से कुछ दूरी पर एक पेड़ से लटकते हुये अवस्था में बरामद किया ।स्थानीय व पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रवि माल (40)है ।किसी बात को लेकर रवि और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था ।जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मैके चली गयी थी ।पत्नी के मैके चले जाने से वह मानसिक परेशानी में था ।उसने पत्नी वियोग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।स्थानीय लोगों ने सर्वप्रथम शव को पेड़ से लटकते हुये देखा था ।घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी ।पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा ।पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**खड़गपुर** .पश्चिम मेदिनीपुर जिला के डेबरा इलाके से झाड़ग्राम पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया और नाबालिग लड़की को बरामद किया ।गिरफ्तार किये गये युवक का नाम प्रकाश मुखी है ।वह झाड़ग्राम थाना के पाकुड़ियापाल गांव का निवासी है ।नाबालिग लड़की अपने घर से किसी काम से निकली थी ।जिसके बाद वह लापता हो गयी थी ।नाबालिग लड़की के परिजनों काफी तलाश की ,लेकिन उसके बारे में कोइ जानकारी नही मिली ।परिजनों ने नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की शिकायत पुलिस से की ।घटना की जांच कर रही झाड़ग्राम पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी और नाबालिग लड़की झाड़ग्राम इलाके में मौजूद है ।जिसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर दोनों को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत में पेश किया ।अदालत ने उसे चौदह दिनों के लिये जेल हिफाजत में भेजा ।जबकि नाबालिग लड़की को डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के निर्देश पर मेदिनीपुर स्थित एक सरकारी होम में भेजा गया।

## तृणमूल को चोर कहने वाली भाजपा खुद ही लुटेरा है, बंगाल के स्कूलों में नौकरियां समाप्त करने का फैसला गैर-न्यायोचित : ममता बनर्जी



**खड़गपुर** .पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दांतन के घोलाई इलाके में मेदिनीपुर लोकसभा सीट की तृणमूल उम्मीदवार जून मालिया के समर्थन में मुख्यमंत्री ममता बनजी ने चुनाव प्रचार किया ।इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनजी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा ।मुख्यमंत्री ममता बनजी ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा नेता तृणमूल को चोर कह रहे है ,जबकि भाजपा खुद ही लुटेरा है ।वही भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का नाम ना लेते हुये मुख्यमंत्री ममता बनजी ने इशारों में कहा कि मेदिनीपुर का एक गद्दार इडी सीबीआई और एनएआइ के जांच से बचने के लिये तृणमूल छोड़कर भाजपा में शामिल हो गया ।मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के नेताओं के इशारे पर केन्द्रीय प्रकल्पों के पैसे रोका गया ।मुख्यमंत्री ममता बनजी ने महिला मतदाताओं से कहा कि उनको मिल रहा लक्खी भंडार आजीवन मिलेगा,इसलिए वे इस चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंके ।मुख्यमंत्री ने मेदिनीपुर लोकसभा सीट से दिलीप घोष की जगह अग्निमित्रा पाल को भाजपा उम्मीदवार बनाने को लेकर कौवा और कोयल वाले मुहावरा का तंज कसा ।वही मुख्यमंत्री ममता बनजी ने 25,000 से अधिक स्कूली नौकरियों को निरस्त किये जाने को लेकर बृहस्पतिवार की सभा से ह्यपूरी तरह अन्यायह्न करार दिया और आरोप लगाया कि यह नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को मतदान ड्यूटी में तैनात करने से रोकने की भारतीय जनता पाटी (भाजपा) की साजिश है।

बनजी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इतने शिक्षकों को नौकरी से निकालने के बाद स्कूल कैसे काम कर सकते हैं ।कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य-स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलटीएस) की भती प्रक्रिया को निष्प्रभावी घोषित किया था और इसके माध्यम से की गई सभी भतियों को निरस्त करने का आदेश दिया था.बनजी ने कहा, ह्यह्यअगर किसी ने गलती की है तो उसे सुधारा जा सकता है, लेकिन 25,000 नौकरियां छीन लेना पूरी तरह अन्याय है ।अगर इतने सारे शिक्षक नौकरी पर नहीं रहेंगे तो स्कूलों में कैसे काम होगा.ह्नह्नउन्होंने कहा, ह्यह्ययह भाजपा की साजिश है. मैं न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन जो कुछ हुआ वह पूरी तरह अन्याय है.ह्नह्नबनजी ने कहा, ह्यह्यइतनी सारी नौकरियां ले ली गईं ताकि नौकरी गंवाने वाले इन लोगों को चुनाव के दौरान ड्यूटी पर तैनात नहीं किया जा सके और केंद्र सरकार के कर्मियों को लगाया जा सके जो भगवा खेमे के इशारे पर काम करेंगे।

संपादकीय

# रेल रोकने का औचित्य

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है। रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए। वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं। ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते। जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे।

समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए। यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है।

ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। कहीं न कहीं हमारे सत्ताधीशों के व्यवहार में व्याप्त दंभ और किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव भी इस तरह के आंदोलनों के लिये ईंधन का काम करता है। ऐसे हालात में किसानों को अभी अपने आंदोलनों के तौर-तरीकों को बदलना पड़ेगा। उन्हें हक है कि वे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करें। लेकिन उन्हें यह हक कदापि नहीं दिया जा सकता है कि वे देश के रेल तंत्र को ठप कर दें। यह देश की लोकतांत्रिक सहिष्णुता का अपमान करने जैसा भी है। अब समय आ गया है कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन से देश के सड़क व रेल परिवहन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। हमें अपने निहित स्वार्थों की अनदेखी करके राष्ट्रीय हितों व सरोकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे



ललित गर्ग

**भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।**

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्र्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है ह्वविश्वमानवह्न का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वणर्काल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सवर्नाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडटी बमह्न का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है।

(चिंतन-मनन)

## भावना भी समझें



एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है।

दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी एॅसे ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

सूक्ति

**आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है।**

**- जॉर्ज वीनवर्ग**

**मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।**

**- चाणक्य**

## शुभ संवत 2081 शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय शुक्रोदय पूर्वे तिथि दोइज, शुक्रवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, गर योगे, ववकरणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा सांय 6/27 से स्वामी जयंती बक्सर बिहार तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

## आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उद्यमी, जिद्दी-हठी, सैनिक, सेना नायक, दस्ता नायक, बुद्धिमान, शील स्वभाव वाला होगा।

मेष राशि :- राजक्षय, कष्ट, व्यापार बाधा, शुभ समाचार, प्रसन्नता के योग बनें, मित्र सहयोग करेंगे।

वृष राशि :- शुभ समय किन्तु भय होगा, स्वजन सुख लाभदायक होगा, दाम्पत्य जीवन में असमंजस बना ही रहेगा।

मिथुन राशि :- वाहन भय, मातृ-पितृ कष्ट, हानि, व्यर्थ, अनाप-शनाप खर्च से परेशानी अवश्य ही होगी।

कर्क राशि :- सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, उद्योग, व्यापार में उलटफेर की स्थति बनेगी।

सिंह राशि :- शरीर कष्ट, उत्तम व्यय, सफलता, व्यवस्था में बाधा, व्यवधान, साधारण लाभ होगा।

कन्या राशि :- खर्च, विवाद, स्त्री-कष्ट, विद्या लाभ, कुछ अच्छे कार्य होंगे, संतान प्राप्ति के योग।

तुला राशि :- यात्रा में हानि, राजभय, लाभ, शरीर कष्ट, व्यापार में सुधार, प्रगति की संभावना है।

वृश्चिक राशि :- यात्रा लाभ, संपत्ति लाभ, कारोबार में उबाल तथा कायर्वृत्ति उत्तम बनेगी।

धनु राशि :- अल्प लाभ, शरीर कष्ट, चोटादि का भय, शिक्षा से विशेष लाभ होगा।

मकर राशि :- शत्रु हानि पहुंचायेंगे, अपयश, शरीरिक सुख, समय अच्छा उद्योग-व्यापार के लिये प्रयास करें।

कुंभ राशि :- व्यय, संतान-सुख, कार्य सफलता, मित्र प्रगतिदायक रहें, संतोष कार्य अवश्य ही बनेंगे।

मीन राशि :- पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, हानि किन्तु जीवन संतोषप्रद बना ही रहेगा।

# सफल होने के हजारों नुस्खे




सफल होने के नुस्खे हजारों हैं। स्मार्ट सिटी, सुस्त शहर, विकसित कस्बे, पिछड़े गांव, सड़क और गली में, हर कोई हर किसी से आगे निकलने के जुगाड़ में है। सफलता के नुस्खे निजी अनुभव पर भी आधारित हैं। हमारे मित्र सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होकर आए। उन्होंने सफल होने के खास नुस्खे बताए। पत्नी ने मना किया है, वह कहती है कि इन नायाब नुस्खों को स्वाथी इंसानों के हवाले न करें। लेकिन जब हम स्कूल में थे तो मास्टरजी के माध्यम से पता चला था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। इसी सीख से प्रेरित होकर, पत्नी के नाराज होने के बावजूद, मानवता की सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानकर, अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। समाज के प्रति हमारा कर्ज कुछ तो कम हो जाए इसलिए यह नुस्खे आप सभी के हवाले कर रहे हैं। आपका तबादला नए शहर में होता है। नए अनजान पड़ोसियों से यदि सलाम नमस्ते नहीं होती, वे पानी या चाय आदि के लिए नहीं पूछते तो बुरा न मानते हुए, आप उन्हें ही चाय के साथ नमकीन बिस्कुट खाने के लिए आमंत्रित कर डालें। आप बेहद कम खर्च कर पहले ही दिन एक अच्छे पड़ोसी के रूप में स्थापित हो जाएंगे। कार्यालय पहुंच कर बिल्डिंग में ऊपर से नीचे तक सभी को मुस्कुराते हुए नमस्ते बोलने के बाद ही अपनी कुसी पर बैठिए। आपका व्यायाम भी हो जाएगा और सरकारी समय में, सहकर्मियों के साथ सम्बन्ध भी मजबूत होते जाएंगे। दूसरों के व्यक्तिगत काम जिन पर आपका कुछ खर्च न होना हो, जरूर कीजिए। इससे आप ड्यूटी के दौरान भी इंसानी फर्ज निभाने वाले सहयोगी कहलाएंगे। आप सरकारी गाड़ी से कहीं बाहर या लोकल जा रहे हैं। आपकी पत्नी साथ नहीं जा रही है तो पड़ोसी को जरूर पूछ लीजिए। उन्हें लिफ्ट दे ही डालिए। इसके बदले में आप भी उनकी निजी गाड़ी में कभी कभार जा सकेंगे। कभी अपने काम के लिए बॉस से अनुमति लेने जाना हो तो जरूर पूछ लीजिए कि भाभीजी का कोई काम करना हो तो कृपया बताएं। यदि आप अपनी प्रौढ़ता कम दिखाने के लिए अपने बालों या बचे-खुचे बालों की डेंटिंग-पेंटिंग नहीं करते तो करना शुरू कर दीजिए। कम उम्र के पड़ोसियों को बड़ा भाई या स्थानीय अभिभावक कहना शुरू कर दें। इससे छोटे-मोटे कई पंगों को निपटाने में आपको, उनकी सहायता मिल सकती है।

इससे आपकी परेशानियां कम रहेंगी। दो बेहद आजमाए हुए, कम चर्चित नुस्खे आज ही हाथ लगे हैं। थोड़ा सा मुश्किल है, लेकिन बहुत उपयोगी है। नुस्खा अंग्रेजी में है, जो बात बढ़ जाने पर शर्तिया काम आता है, ह्यआइदर यू ठोको देम आर गेट ठोकोडह्न यानी ह्यउन्हें पीट दो या पिट जाओह्न। दूसरा बेहद अचूक नुस्खा है, ह्यकनविंस कर दो या कन्फ्यूज कर दोह्न यानी ह्ययकीन दिला दो या भ्रमित कर दोह्न। निजी नौकरी के अनुभव और नुस्खे थोड़ा अलग होते हैं। अगर हम हर चैनल पर आने वाले सभी विषयों के विशेषज्ञ होते तो बिना जाने बूझे एक दर्जन नुस्खे और बता देते।

न्यूज फ्लैश

## व्यय प्रेक्षक ने व्यय, मीडिया कोषांग सहित नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**लखीसराय:** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लखीसराय में व्यय प्रेक्षक सत्य साधन सिंह ने आज व्यय कोषांग,मीडिया कोषांग एवं नियंत्रण कक्ष का विधिवत निरीक्षण किया। विदित हो कि लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रजनीकांत ,पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार, अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर, अनुमंडल पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी चंदन कुमार , भूमि सुधार उपसमाहर्ता सितू शर्मा, नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में चुनाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस कड़ी में प्रेक्षक द्वारा समाहरणालय स्थित पुस्तकालय कक्ष में संचालित मीडिया कोषांग,नियंत्रण कक्ष एवं व्यय कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मीडिया कोषांग,हेल्पलाइन, सि- विजिल , चेक पोस्ट की वेब कास्टिंग एवम नियंत्रण कक्ष के संचालन पर संतुष्टि व्यक्त किया गया। संबंधित कोषांग के कार्यों के अवलोकन के क्रम में सोशल मीडिया, पेड न्यूज का व्यय इत्यादि से संबंधित महत्पूर्ण निर्देश भी दिए गए।

## भुगतान मांगने पर ने टोल प्लाजा कमी के सीने पर बंदूक तान दी




**मुजफ्फरपुर:** एक चौंकाने वाली घटना में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें बिहार के मुजफ्फरपुर में एक टोल प्लाजा कमर्चारी को पिस्तौल से धमकी दी गई। यह घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टोल प्लाजा पर रुके एक शख्स ने कार से उतरकर कमर्चारी पर बंदूक तान दी और जान से मारने की धमकी दी.खबरें हैं कि यह घटना बुधवार (24 अप्रैल) शाम करीब 5 बजे टोल प्लाजा पर हुई. हमलावर हुंडई कार में टोल प्लाजा पर पहुंचे और कमर्चारी से बैरिकेड खोलने और उन्हें जाने देने के लिए कहा। कमर्चारी ने उनसे टोल शुल्क मांगा और पैसे लिए बिना बैरिकेड खोलने से इनकार कर दिया।

टोल प्लाजा कमर्चारी द्वारा पेमेंट मांगने पर कार में मौजूद हमलावर भड़क गए। कार का ड्राइवर गाड़ी से बाहर निकला और उस केबिन के पास पहुंचा जहां कमर्चारी बैठा था। उसने अपनी बंदूक निकाली और कमर्चारी के सीने पर तान दी। कमर्चारी डर गया और उसने बैरिकेड खोल दिया, जिससे हमलावर बिना भुगतान किए निकल गए।इस घटना से टोल प्लाजा पर डर का माहौल है और कमर्चारी डर के साये में काम कर रहे हैं. खबरें हैं कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस घटना के सीसीटीवी वीडियो की जांच कर रही है और आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

एक अन्य घटना में, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक टोल प्लाजा पर लड़ाई हुई। टोल प्लाजा कमिर्यों ने शादी से लौट रहे कुछ लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी. घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामले को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है. यह घटना चमारी खेड़ा टोल प्लाजा पर हुई, जो फतेहपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। उन्होंने लोगों की पिटाई के बाद कारों में भी तोड़फोड़ की.

## प्रदेश के अधिकांश जिलों में हीट वेव, मौसम विभाग ने अलर्ट किया जारी

बिहार : मौसम विभाग ने आगामी 29 अप्रैल तक बिहार के अधिकांश जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम को देखते हुए विद्यालय ने भी अपने टाइम टेबल में बदलाव किया है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी करते हुए लोगों को इस मौसम में काफी सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है।

मौसम विभाग का यह मानना है कि आगामी 25 मई से 29 मई तक दक्षिणी भागों के अधिकांश स्थानों पर लू (हीट वेव) उत्तरी भागों के एक या दो स्थानों पर उष्ण लहर की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण मध्य, दक्षिण पूर्व जिलों के कुछ स्थानों पर लू की संभावना बताई है।

### ये जिले है शामिल

इनमें सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, सिवान, पूवी चंपारण, पूणिर्या जिलों के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने बिहार के एक दो जिले को छोड़कर अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड की है। इन जिलों में पूणिर्या 40 डिग्री, मोतिहारी 40.2, सुपौल 40.6, दरभंगा 40 डिग्री, बेगूसराय 40 डिग्री, भगवानपुर 40.1, मधेपुरा 40.1, फारबिसगंज 40.2 ,मोतिहारी 40.2, सहरसा 40.3 ,डेहरी 40.4 ,सुपौल 40.6, भागलपुर 40.6, पटना 40.7, वाल्मीकि नगर 40.7, गया 40.8, जीरादेई 41.0, जमुई 41.0,भोजपुरी 41.2, नवादा 41.3, खगड़िया 41.4, छपरा 41.5 ,औरंगाबाद 41.5, बांका 42.0, गोपालगंज 42.0, शेखपुरा 42.8 जो सबसे गर्म जिला के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। मुजफ्फरपुर 39.0, पूसा 39.4, मधुबनी 39. 9, कटिहार 39.6, अररिया 38.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज की गई है।

## तेज रफ्तार वाहन ने दो मासूम को कुचला, मौत

बेगूसराय , बेगूसराय में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एनएच पर दो मासूम बहनों को कुचल दिया. इससे दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई. बताया जाता है कि दोनों बच्चियां सुबह-सुबह टहलने के लिए निकली थी. इस दौरान तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को रौंद दिया. घटना से नाराज लोगों ने एनएच-31 को जामकर विरोध प्रदर्शन किया. यह घटना लाखो थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा चौक के पास की है.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि विश्वकर्मा चौक निवासी मनीष कुमार की पुत्री 10 वषीय रुचि कुमारी और 8 वषीय आरोही कुमारी गुरुवार की सुबह घर के पास ही एनएच-31 पर टहलने के लिए निकली थी. एनएच पार करने के दौरान ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को कुचल दिया. इससे दोनों बहनों की एक साथ घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों की संख्या में लोग एनएच पर पहुंच गए. इसके बाद सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही लाखो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत करने का प्रयास किया.

हालांकि, लोगों में घटना से काफी आक्रोश था और करीब 2 घंटे तक एनएच-31 जाम रहा.

इसके बाद पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया. स्थानीय लोगों ने कहा कि दोनों बहनें टहलने के लिए निकली थी. तभी तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया. इससे दोनों की मौत हुई है.

घटना के संबंध में लाखों थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क हादसे में दोनों बच्चियों की मौत हुई है. सरकारी प्रावधान के तहत जो मुआवजा दिया जाता है. वह दिलाई जाएगी. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है.

# कांग्रेस सनातन विरोधी भी, संतान विरोधी भी: सम्राट चौधरी



**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सनातन विरोधी तो है ही, संतान विरोधी भी है। उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस का छिपा हुआ एजेंडा बाहर आ गया है। देश की जनता कांग्रेस के मंसूबे को अब अच्छी तरह से पहचान गई है। चौधरी ने कहा कि देश की विरासत पर कांग्रेस की कुदृष्टि है। पित्रोदा का बयान और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादे भविष्य में हार्ड करेंसी के बेस को ध्वस्त कर भारतीय अर्थव्यवस्था को चौपट करने का बड़ा राजनीतिक षडयंत्र है। कांग्रेस की साजिश देश के वेल्थ क्रियेटर का मनोबल तोड़ना, देशवासियों के संचित धन, सम्पत्ति को हथिया कर घुसपैठियों के बीच बांटना और तुष्टीकरण के जरिए वोट बैंक को साधना है।

बिहार के उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा का बयान विदेशी शक्तियों से प्रेरित है। पित्रोदा ने अमेरिका के इनहेरिटेंस (उत्तराधिकार) टैक्स की चर्चा कर कांग्रेस के खतरनाक इरादे का संकेत दिया है। यानी अब कांग्रेस किसी को उसके माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी टैक्स लगाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी के मेंटर सैम पित्रोदा ने दरअसल कांग्रेस के इस 'हिडेन एजेंडा' को ही उजागर किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक कहा है कि ह्यकांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भीह्न जारी रहेगी। सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस की विदेशी मानसिकता और सनातन विरोध को दर्शाता है। कांग्रेस के इस तरह के खतरनाक इरादे से देशवासियों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## 'कार की ओर जाते वक्त हुआ था हमला...': जेडीयू नेता सौरभ कुमार के भाई की हत्या

**पटना:** जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) नेता सौरभ कुमार के भाई समीर कुमार, जिनकी पटना में बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, ने गुरुवार को कहा कि उनके भाई पर हमला किया गया था। वह एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद अपनी कार की ओर जा रहे थे। समीर कुमार ने कहा, ₹वह एक पारिवारिक समारोह में गए थे। उनकी कार रिसेप्शन स्थल से 50 मीटर दूर खड़ी थी। जब वह अपनी कार की ओर जा रहे थे, तो रास्ते में उन पर हमला किया गया।₹ उन्होंने कहा, ₹उनका कोई दुश्मन नहीं था। मैं राजनीतिक साजिश के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राजनीति में नहीं हूं।₹ पुलिस ने बताया कि बुधवार रात पटना में बाइक सवार हमलावरों ने सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी।

इस बीच जेडीयू नेता अभिषेक झा ने कहा कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है.

₹शोक संतप्त परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएं। उनके घर पर एक पुलिस टीम तैनात की गई है और जांच चल रही है। अपराध के पीछे जो भी है उसे कड़ी सजा दी जाएगी... पुलिस और हमारी सरकार ऐसी हर घटना को एक चुनौती के रूप में लेती है। संगठित अभिषेक झा ने एएनआई को बताया, ₹बिहार में अब अपराध मौजूद नहीं है।

जांच के बाद पृष्ठभूमि की कहानी और इसके पीछे की मंशा सामने आ जाएगी।₹ पुलिस के मुताबिक, जब हमला किया गया तो सौरभ कुमार एक शादी के रिसेप्शन समारोह से लौट रहे थे. इस घटना में जदयू नेता के साथ आया एक व्यक्ति भी घायल हो गया.

₹ सौरभ कुमार अपने दोस्तों के साथ एक रिसेप्शन समारोह में शामिल होने आए थे। लौटते समय मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया और मुनमुन कुमार नाम का एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। उन्हें कंकड़बाग उमा ले जाया गया।

## गांजे की बड़ी खेप का पर्दाफाश, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा



**नवादा।** बिहार की नवादा पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है. नवादा पुलिस ने कारर्वाई करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है. 237 किलो गांजा सहित एक ट्रक, एक क्रेटा कार, 20 हजार रुपये कैश, 2 मोबाइल फोन की बरामदगी की है. गिरफ्तार सभी तस्करों को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तार तस्करों में दो सहोदर भाई भी शामिल हैं.

नवादा पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 23 और 24 अप्रैल की रात नगर थाना की पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक से गांजा की बड़ी खेप नवादा के रास्ते गया ले जाया जा रहा है. सूचना के अलोक में नगर थाना की पुलिस ने नगर के शोभिया कृषि फार्म के पास से एक ट्रक को जब्त किया. गिट्टी लदे ट्रक की तलाशी में पुलिस को चालक के सीट के पीछे बने तहखाना से एक-एक किलो के 61 पैकेट में कुल 61 किलोग्राम गांजा मिला. ट्रक को जब्त कर चालक सुबोध पासवान को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में चालक ने धंधे में शामिल लोगों के नाम बताए.

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कातिर्केय शर्मा ने एसडीपीओ सदर अनोज कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर अन्य धंधेबाजों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए. जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और नवादा बाइपास से तस्करी का मुख्य सरगना अकबरपुर थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी सहोदर भाईयों राकेश कुमार व रौशन कुमार दोनों पिता शशिभूषण शर्मा को गिरफ्तार किया. दोनों क्रेटा कार बीआर 01एच क्यू 5263 में सवार थे. कार को भी जब्त किया गया. इन लोगों के पास से 20 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल की जब्ती भी की गई.

इन दोनों के अलावा गोविंदपुर थाना इलाके के बघौर गांव निवासी रविरंजन कुमार पिता मिथिलेश सिंह को हिसुआ से गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में राकेश ने बताया कि पूर्व में जब्त ट्रक संख्या बीआर 01 जी. ई. 5638 में एक और तहखाना है, जिसमें गांजा का और पैकेट है. पुलिस ने उसकी निशादेही पर जांच पड़ताल की तो 176 पैकेट गांजा की बरामदगी हुई. इस प्रकार कुल 237 पैकेट में रहा 237 किलोग्राम गांजा की बरामदगी हुई. आरोपी राकेश ने यह भी बताया कि वह पिछले 6-7 महीने से इस धंधे में लिप्त था और गांजा ओडिशा राज्य के झारसुगुडा से मंगाया करता था. किसी को शक न हो इसके लिए गिट्टी लदे ट्रक की आड़ में वह धंधा किया करता था. बता दें कि गांजा-शराब की तस्करी के मामले आए दिन सामने आते हैं. अवैध कमाई का यह बड़ा श्रोत बन गया है. पुलिस की तमाम सक्रियता के बाद भी धंधा थम नहीं रहा है.

## पिता के चुनावी डेब्यू के संकेत के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा ने मेगा रोड शो किया




**नई दिल्ली:** बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा की हाल ही में बिहार में एक रोड शो में भागीदारी ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। क्रुक और तुम बिन 2 जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर सुश्री शर्मा को अपने पिता अजीत शर्मा का समर्थन करते देखा गया, जो कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

यह रोड शो उन अफवाहों के बीच हुआ कि अभिनेता राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। हालाँकि, अब यह स्पष्ट हो गया है कि वह सिर्फ अपने पिता के लिए प्रचार कर रही थीं।

सुश्री शर्मा ने इंस्टाग्राम पर बांका, किशनगंज, कटिहार और पूणिर्या सहित बिहार के विभिन्न जिलों की अपनी यात्रा दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। वह पारंपरिक सलवार कमीज पहने हुए थीं और जनता का अभिवादन करती और उन्हें वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आईं।


रोड शो के दौरान पीरपैंती और कहलगांव में भारी भीड़ ने अभिनेता का गमजोशी से स्वागत किया। ह्लवे कहते हैं कि जब कोई आपको अपने दिल में जगह देता है, तो आप हमेशा के लिए वहीं रहते हैं। आपने मुझे जो प्यार और समर्थन दिया है, उससे मेरा दिल भर गया है। पीरपैंती और कहलगांव में गमजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद. आपका प्यार सारी आँखों पर। #सदा आभारी," 36 वषीय ने लिखा।

ऑनलाइन प्रसारित हो रहे एक अन्य वीडियो में अभिनेत्री को भागलपुर में अपने पिता के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए दिखाया गया है।

भागलपुर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को चुनाव होना है। इस सीट पर कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले अजीत शर्मा का मुकाबला जेडीयू के अजय कुमार मंडल से है।

पहले ऐसी अफवाह थी कि सुश्री शर्मा राजनीति में प्रवेश कर सकती हैं। हालाँकि, कई रिपोर्टों ने स्पष्ट किया है कि वह अभी चुनावी शुरुआत नहीं कर रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उनके पिता अजीत शर्मा ने उन्हें राजनीति में शामिल होने का अवसर दिया, सुश्री शर्मा वतर्मान में अपने अभिनय करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

# टोल प्लाजा कमी को पिस्टल दिखाकर धमकी, चालक ने कहा- हम नहीं देंगे टोल




**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर में मैठि टोल प्लाजा कमी को चालक ने पिस्टल दिखाकर धमकी देने का एक मामला सामने आया है. मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी टॉल प्लाजा पर दिनदहाड़े कार सवार एक दबंग ने टॉल कमी पर पिस्टल तान दी. पिस्टल सटाकर धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है. सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना रिकार्ड हो गई है.

सीसीटीवी के आधार पर कार सवार की पहचान की जा रही है. जानकारी के मुताबिक एक कार में सवार दो लोग टॉल प्लाजा के लेन संख्या में पहुंचे और बेरियर हटाने के लिए टॉल कमी पर दबाव बनाने लगा. कमी नीरज गुप्ता ने टोल टैक्स की मांग की गई है. कमी ने जब बेरियर हटाने से मना किया तो कार से उतरकर गाली देते हुए कमर से पिस्टल निकालकर टॉल कमी के गर्दन में पिस्टल तान दी.

घटना के बाद भीड़ बढ़ता देख फास्ट टैग से टोल टैक्स का भुगतान कर आरोपी मौके से फरार हो गया. ये पूरा कारनामा टॉल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. इस संबंध में टोल प्रबंधक ओमप्रताप सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है. बता दें की लोकसभा चुनाव को लेकर थाना जिला प्रशासन ने थाना क्षेत्र के मैठी टॉल प्लाजा और ठीकापाही एनएच 57 पर चेक पोस्ट बनाया गया.

वहां एक भी पुलिस कमी नहीं थे. टॉल प्लाजा और टॉल महाप्रबंधक महेश मिश्रा ने बताया 4 बजकर 48 मिनट पर बूथ संख्या 2 पर एक कार आई जिसमें दो लोग सवार थे और टॉल कमी को बेरियर से हटाने के दवाब बनाने लगा, जबकि कार में दो फास्टैग लगे हुए थे जिसमें से एक में बैलेंस नहीं था. जब टॉल कमी ने गाड़ी को पीछे करने के लिए कहा तो इतने में कार से पिस्टल निकाल कर टॉल कमी को गोली मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से भाग गया. इस मामले को लेकर गायघाट थाने में अज्ञात कार सवार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

# लोकसभा चुनाव: कटिहार में कांग्रेस, जेडीयू के बीच सीधी लड़ाई देखने को मिली; लोग सर्वांगीण विकास के लिए वोट करें





**कटिहार:** बिहार में कांग्रेस और बिहार की चार अन्य सीटों - किशनगंज, पूणिर्या, भागलपुर और बांका के साथ-साथ कटिहार लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होने जा रहा है। जेडीयू इस सीट पर कड़ी टक्कर दे रही है. राज्य में महागठबंधन (महागठबंधन) सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत, कुल 40 संसदीय सीटों में से, कांग्रेस नौ पर चुनाव लड़ेगी, जबकि गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल 26 पर और तीन वामपंथी दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने इस सीट से पाटी के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर को मैदान में उतारा है, जबकि एनडीए में शामिल पाटी जद (यू) ने दुलाल चंद गोस्वामी को फिर से उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन गठबंधन के तहत, बिहार में कांग्रेस नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है: किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सुरक्षित), मुजफ्फरपुर, सासाराम (सुरक्षित), महाराजगंज और पटना साहिब। कटिहार में छह विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें कांग्रेस और बीजेपी ने दो-दो और जेडीयू और सीपीआई (एमएल) ने एक-एक सीट जीती है. सीपीआई (एमएल) विपक्षी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और कांग्रेस कटिहार पर दोबारा कब्ज़ा करने के लिए उसके समर्थन पर भरोसा कर रही है। 2019 में, जदयू नेता दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कांग्रेस के दिग्गज तारिक अनवर को हराकर पहली बार कटिहार सीट जीती , जो पहले पांच बार सीट जीत चुके थे। 1999 के बाद से कांग्रेस ने यह सीट नहीं जीती है.2014 में अनवर ने एनसीपी के टिकट पर यह सीट जीती थी. भाजपा ने 1999 से 2009 तक तीन बार यह सीट जीती है। इस बीच, चूंकि मैदान में राजनीतिक दलों ने गरीबों के जीवन को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों और बुनियादी जरूरतों के मुद्दों पर अपना प्रचार केंद्रित किया है, इसलिए क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सामने आया है। यह कटिहार के लोगों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है और वे एक ऐसे उम्मीदवार की तलाश में हैं जो उनके कल्याण के लिए काम करेगा। कटिहार में मौजूदा सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी के खिलाफ गुस्सा है , यहां तक कि मतदाताओं के एक समूह ने कहा कि वे पीएम मोदी को वोट देंगे।एक स्थानीय निवासी ने कहा कि कटिहार के लोग अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. ₹प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित कई योजनाएं हैं जिन्हें जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया है और हम एक ऐसा सांसद चाहते हैं जो केंद्र की इन पहलों को लागू करेगा। आज के युवा नशीली दवाओं के आदी हैं। सरकार को नशीली दवाओं के खिलाफ सख्त कारर्वाई करनी चाहिए ऐसे कई पुनर्वास केंद्र हैं जो बताते हैं कि बिहार के पूरे सीमांचल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की लत है।₹ उन्होंने कहा कि कटिहार में बिजली बिल जमा करने की कोई सुविधा नहीं है क्योंकि इसका काउंटर बरनसिया में स्थानांतरित कर दिया गया है.

₹50,000 से अधिक ग्राहक हैं और उनमें से अधिकांश ऑनलाइन-भुगतान पद्धति का उपयोग नहीं करते हैं। लोगों को अपने बिलों का भुगतान करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सड़क, बिजली और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। हम इन सभी से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य, उन्होंने 100 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया है लेकिन डॉक्टरों की कमी है, सरकार में डॉक्टर क्यों नहीं आ रहे हैं ?₹ उसने जोड़ा।

कटिहार के एक अन्य निवासी रवि कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र को अगले 25 वर्षों के लिए एक विजन वाले सांसद की जरूरत है। उन्होंने कहा, ₹हमें अगले 25 साल के लिए विजन वाले एक सांसद की जरूरत है। हमें एक युवा प्रतिनिधि की जरूरत है और किसी भी पाटी ने ऐसा कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है।₹ कुमार ने वहां के लोगों की समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही कटिहार ऐसा सांसद चुनने में विफल रहा है जो निर्वाचन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के बारे में सोच सके। ₹हमारे सामने सिर्फ एक ही समस्या नहीं है, बल्कि पूरा कटिहार ही समस्याओं से घिरा हुआ है। आजादी के बाद से हमें एक भी सांसद ऐसा नहीं मिला, जिसने कटिहार के सर्वांगीण विकास के बारे में सोचा हो। टीवी टावर बनाने से लोगों को खाना नहीं मिलता है।₹ वे रेलवे क्षेत्र में किए गए कार्यों का दावा करते हैं, इसमें घमंड करने की कोई बात नहीं है क्योंकि कटिहार स्टेशन पर यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि रेलवे स्टेशनों पर विकास की जरूरत है।"

अनिल कुमार गुप्ता ने भी कुछ ऐसी ही भावना व्यक्त की और कहा कि चुनाव के बाद सांसद गायब हो जाते हैं. हालाँकि, उन्होंने प्रतिनिधि बदलने की उम्मीद जताई। ₹पूरे बिहार में कोई विकास नहीं हुआ है। हमारी चीनी मिल वर्षों से बंद है, उस पर कोई ध्यान नहीं देता है। बिजली भी लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या है। सांसद जी आजकल सड़क पर रहते हैं, लेकिन चुनाव के बाद गायब हो जाते हैं। ज्यादातर लोग हमारे सांसद का नाम तक नहीं जानते। मुझे अन्य राज्यों की तरह विकास की जरूरत है।₹ इस बीच, एक अन्य स्थानीय अभिषेक कुमार ने कहा कि जेडी (यू) उम्मीदवार के खिलाफ सभी बाधाओं के बाद, वह उन्हें वोट देंगे क्योंकि वह चाहते हैं कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पद संभालें। ₹विकास किया गया है, लेकिन उस हद तक नहीं, जितनी निर्वाचन क्षेत्र के लिए आवश्यक है। सड़क और ओवर-ब्रिज बनाए गए हैं, लेकिन यह सब केंद्र के कारण था।

न्यूज फ्लैश

## आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स जीती, गुजरात टाइटंस को चार रन से हराया

**नई दिल्ली**

ऋषभ पंत नाबाद (88) और अक्षर पटेल (66) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों की दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया है।

225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने आखिरी गेंद तक संघर्ष दिखाया। राशिद खान आखिर गेंद पर छक्का लगाने से चुके और दिल्ली को चार रन से जीत हासिल हुई। दिल्ली यह नौ मैचों में चौथी जीत है। ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने गुजरात के लिए तेजी से रन बनाने का प्रयास किया। इसी दौरान एनरिक नॉर्टिज दूसरे ओवर में गिल (6) रन को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद साहा ने साई सुदर्शन के दूसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। साहा को कुलदीप ने आउट किया। साहा ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। 11वें ओवर में अमतउल्लाह उमरजई (1) रन पर आउट हुये। उसके बाद डेविड मिलर ने कमान संभाली। साई सुदर्शन ने 39 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुये सर्वाधिक 65 रन बनाये। वहीं मिलर ने 23 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 55 रनों की अहम पारी खेली। शाहरूख खान (8), राहुल तेवतिया (4), साई किशोर (13) रन बनाकर आउट हुये। राशिद खान 11 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी और मुकाबला चार से हार गई। गुजरात की नौ मैचों में यह पांचवी हार है।

दिल्ली की ओर से रसिख सलाम ने तीन विकेट लिये। कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। एनरिक नॉर्टिज, मुकेश कुमार और अक्षर पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कप्तान ऋषभ पंत नाबाद (88) और अक्षर पटेल (66) की शानदार पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 225 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली मुकाबले की शुरुआत चौके से करते हुये अपने इरादे को जाहिर कर दिया। चौथे ओवर में वॉरियर ने नूर के हाथों जेक फ्रेजर को आउट कराकर गुजरात को पहली सफलता दिलायी। फ्रेजर 14 गेंदों में 23 रन बनाये। उसके बाद पृथ्वी शॉ (11) और शो हॉप (5) रन बनाकर आउट हो गये।

अक्षर पटेल और ऋषभ पंत ने पारी को संभाला। अक्षर पटेल ने 43 गेंदों में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से 66रनों की पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर में नूर ने साई किशोर के हाथों कैच आउट कराया। पंत ने 43 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स सात गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 224 रन का स्कोर खड़ा किया।

गुजरात टाइटंस की ओर से संदीप वॉरियर ने तीन विकेट लिये और नूर अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप की मेजबानी का दावा करेगा भारत : एआईसीएफ सचिव पटेल

**चेन्नई**

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नव निर्वाचित सचिव देव नटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल विश्व चैम्पियनशिप मैच की मेजबानी का दावा करेगा। सत्रह वर्ष के गुकेश टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के सबसे युवा चैलेंजर बने। विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तारीख और स्थान अभी तय नहीं है। गुजरात शतरंज संघ के प्रमुख पटेल ने कहा, ह्यह्यहम फिडे से बात करेंगे। हमें उम्मीद है कि भारत में सर्वश्रेष्ठ विश्व चैम्पियनशिप खेली जायेगी।" उन्होंने कहा, इस समय सबसे अहम लक्ष्य फिडे को विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी का प्रस्ताव देना नहीं बल्कि देश में शतरंज को लोकप्रिय बनाकर इसे अमली जामा पहनाने का है।" पटेल ने कहा कि एआईसीएफ शुक्रवार को इस मसले पर फिडे से बात करेगा। उन्होंने कहा कि मेजबानी के दावेदार प्रदेशों में गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश शामिल है।

## इंग्लिश कबड्डी खिलाड़ी फेलिक्स और युवराज ने कहा- कभी सोचा नहीं था कि पीकेएल का हिस्सा बनेंगे

**नई दिल्ली**

इंग्लिश कबड्डी खिलाड़ी फेलिक्स ली और युवराज पांड्या ने हाल ही में समाप्त हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 10 में भाग लेकर पीकेएल का हिस्सा बनने का अपना सपना पूरा किया। पीकेएल 10 दो दिसंबर 2023 से 01 मार्च 2024 तक 12 शहरों में आयोजित किया गया था। पीकेएल के अपने अनुभव को लेकर फेलिक्स ने गुरुवार को लीग द्वारा जारी एक बयान में कहा, पीकेएल में अनुभव अद्भुत था क्योंकि इंग्लैंड में कबड्डी इतनी बड़ी नहीं है। मैंने हमेशा पीकेएल का हिस्सा बनने का सपना देखा था क्योंकि मैं सीजन 1 से इसका अनुसरण कर रहा हूं। मैं मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं प्रो कबड्डी लीग का हिस्सा बनूंगा। इस बीच, युवराज ने टीवी पर मैच देखने से लेकर पीकेएल स्टेडियमों की शोभा बढ़ाने तक के अपने सफर के बारे में बताया, उन्होंने कहा, ₹यह बिल्कुल अलग अनुभव है। टीवी पर, आप केवल 40 मिनट की कारर्वाई देखते हैं, जबकि पीकेएल में, आपको दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने में सक्षम होने का पूरा अनुभव मिलता है। हमने कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेले हैं, लेकिन यह इस आकार और स्तर का नहीं है।₹ जब युवराज से पूछा गया कि उन्होंने कबड्डी खेलना कैसे शुरू किया, तो उन्होंने कहा, 'मैंने छोटी उम्र में एक स्थानीय हिंदू समूह के साथ कबड्डी खेलना शुरू किया था। एक स्थानीय टूर्नामेंट के दौरान, इंग्लैंड की कबड्डी टीम के कप्तान ने मुझे प्रदर्शन करते हुए देखा और कहा, 'तुम अच्छा खेलते हो, आओ हमारे साथ प्रशिक्षण लो।' एक चीज ने दूसरे को जन्म दिया और अब मैं इंग्लैंड के लिए खेलता हूं।' इस बीच, फेलिक्स ने इस बारे में बात की कि वह इस खेल में कैसे आएं, उन्होंने कहा, मैं अपने विश्वविद्यालय में अपने पहले वर्ष के दौरान एक कबड्डी क्लब में शामिल हुआ। मैंने अपने पहले प्रशिक्षण सत्र में डिफेंस में कुछ खिलाड़ियों पकड़े और मुझे वास्तव में समूह के खिलाड़ी पसंद आए। मैंने खेलना जारी रखा और अंततः इंग्लैंड की टीम में और उसके बाद पीकेएल टीम में जगह मिल गई। फेलिक्स और युवराज के बड़ी लीग में पहुंचने के साथ, वे पीकेएल में अपने अधिक अंतरराष्ट्रीय साथियों को देखना चाहते हैं। युवराज ने कहा, ₹अगर मौका दिया जाए तो इंग्लैंड से और भी अधिक इच्छुक कबड्डी खिलाड़ी सामने आएंगे। पीकेएल में हमारी उपस्थिति अन्य अंग्रेजी खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और प्रेरणा देगी। उम्मीद है, हम भविष्य में लीग में और अधिक अंग्रेज़ देखेंगे।"

## दिल्ली के सहायक कोच आमरे ने की पंत की तारीफ, कहा-उनकी मेहनत रंग ला रही है

**नई दिल्ली**

जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में कप्तान ऋषभ पंत के सनसनीखेज प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस पर चार रन से रोमांचक जीत दर्ज की। पंत की 43 गेंदों में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल की 43 गेंदों में 66 रनों की पारी के साथ-साथ ट्रिस्टन स्टब्स की 7 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 224 रन का विशाल स्कोर बनाया।

# पंजाब किंग्स के सामने केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

**कोलकाता**



खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिये शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाये हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिये हैं। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिसकी वजह से शाहरूख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है। गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो 'इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम' के इस दौर में काफी प्रभावी है।

वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं।रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाये और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं। दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क की तुलना में हर्षित राणा (9.25 की इकॉनॉमी से नौ विकेट) और वैभव अरोड़ा (9.57 की इकॉनॉमी से सात विकेट) जैसे घरेलू गेंदबाज बेहतर साबित हुए हैं। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं। केकेआर के लिये स्टार्क का फॉर्म में लौटना बहुत जरूरी है। पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा।

पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें। धवन को अभ्यास सत्र के दौरान फुटबॉल खेलते देखा गया जिससे उनके लौटने की उम्मीद बंधी है।

**टीमें :**

कोलकाता नाइट राइडर्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अशदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

मैच का समय : शाम 7.30 से

## प्राइम टेबल टेनिस लीग का दूसरा सीजन 27-28 अप्रैल को

**मुंबई,**

पहले सीज़न की सफलता के बाद प्राइम टेबल टेनिस का दूसरा संस्करण 27-28 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। पहला सीज़न जहां, ठाणे जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों पर केंद्रित था, वहीं दूसरे सीज़न में महाराष्ट्र के शीर्ष खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

बुधवार को आयोजकों द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दूसरा सीज़न पलावा शहर के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। लीग ने पहले ही महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जो खेल को लोकप्रिय बनाने, इसे और अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीज़न 2 में आठ टीमें होंगी, जिसमें कुल 56 शीर्ष स्तरीय एथलीट होंगे और प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों का चयन 5 नवंबर को आयोजित खिलाड़ी नीलामी के माध्यम से किया गया था। माकी पुरुष वर्ग में, दीपित पाटिल, चिन्मय सोमैया, और सिद्धेश पांडे शीर्ष तीन खरीददार थे। वहीं, माकी महिला वर्ग में श्रुति अमृते, श्रेया देशपांडे और समृद्धि कुलकणी ने सबसे अधिक बोली हासिल की, जो टेबल टेनिस प्रतिभा में बढ़ती रुचि और निवेश को दर्शाता है।

## आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर बने उसेन बोल्ट

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ओलंपिक दिग्गज उसेन बोल्ट को आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है, जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा।

बोल्ट ने रियो ओलंपिक खेल 2016 में इतिहास रचा जब उन्होंने लगातार तीन तीन स्वर्ण पदक हासिल किया। दुनिया भर में स्टारडम की उनकी यात्रा 2008 में बीजिंग में ओलंपिक खेलों में शुरू हुई, जहां उन्होंने 100 मीटर, 200 मीटर और 4७100 मीटर, सभी विश्व रिकॉर्ड समय में जीते। बोल्ट के पास वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4७100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। उनका पहला विश्व रिकॉर्ड 2008 में 100 मीटर में था जब उन्होंने न्यूयॉर्क में 9.72 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने बीजिंग में 2008 ओलंपिक खेलों में इसे घटाकर 9.69 सेकेंड और फिर बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में इसे घटाकर 9.58 सेकेंड कर दिया। एक एंबेसडर के रूप में, बोल्ट इस आयोजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह प्रतिष्ठित कलाकारों सीन पॉल और केस के साथ कार्यक्रम के आधिकारिक संगीत वीडियो के रिलीज में एक कैमियो उपस्थिति के साथ होगी। आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप मैचों में भी भाग लेंगे और संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर खेल को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। बोल्ट ने अपनी नई भूमिका के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए आईसीसी के हवाले से कहा, मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का एंबेसडर बनकर रोमांचित हूं। मैं कैरेबियन से आता हूं जहां क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल ने हमेशा एक विशेष स्थान रखा है। मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और विश्व स्तर पर क्रिकेट के विकास में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

उन्होंने आगे कहा, ₹हालांकि मैं निश्चित रूप से विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है और टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा अवसर है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहा, बोल्ट एक वैश्विक आइकन हैं, हम प्रशंसकों की नई पीढ़ी के साथ जुड़ने के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए एक एंबेसडर के रूप में उन्हें शामिल करके रोमांचित हैं।

## मैड्रिड ओपनः राफेल नडाल पूरी तरह से फिट नहीं, टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित

**मैड्रिड**

राफेल नडाल ने बुधवार को स्वीकार किया है कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं। नडाल ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, इस सप्ताह संवेदनाएं सही नहीं रहीं।

अगर यह मैड्रिड नहीं होता तो शायद मैं नहीं खेलता। लेकिन इसमें बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। मुझे नहीं पता कि अगले तीन हफ्तों में क्या होने वाला है। मैं लड़ना जारी रखूंगा और वो चीजें करता रहूंगा जो मुझे लगता है कि पेरिस में खेलने के लिए मुझे करने की जरूरत है। और यदि यह संभव है, तो यह संभव है। यदि नहीं, तो नहीं। मैं पेरिस में उस तरह से खेलने नहीं जा रहा हूं जैसा मैं आज महसूस कर रहा हूं। नडाल ने कहा है कि यह संभवतः दौरे पर उनका विदाई वर्ष है और वह आखिरी बार रोलांड गैरोस में प्रतिस्पधी होने की उम्मीद कर रहे हैं, जहां वह 14 बार के चैंपियन हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने मैड्रिड में रिकॉर्ड पांच बार खिताब जीता है, स्पेनिश राजधानी में उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था। वह गुरुवार को 16 वषीय अमेरिकी डार्विन ब्लैंच के खिलाफ पदार्पण करने वाले हैं। नडाल ने कहा, उम्मीद है कि मैं कई सीमाओं के बिना खेल सकता हूं। फिर हम देखेंगे कि क्या होता है। अगर मैं सीमाओं के बिना खेलता हूं, भले ही मैं हार जाता हूं, तो यह सकारात्मक होगा। नडाल, जिनकी पिछली गर्मियों में कूल्हे की सजरी हुई थी, बासिलौना में दूसरे दौर में एलेक्स डी मिनौर से हार गए, जो तीन महीने से अधिक समय में उनका पहला टूर्नामेंट था।

## मुम्बई सिटी एफसी ने अंतिम सात मिनट में एफसी गोवा से छीनी जीत

**गोवा**

मुम्बई सिटी एफसी ने अंतिम सात मिनट में जबर्दस्त पलटवार करके मेजबान एफसी गोवा से जीत छीन ली। आइलैंडर्स ने बुधवार रात फटोर्डा स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में एफसी गोवा पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। मुम्बई सिटी 90 मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी और विंगर लालियानजुआला छांगटे ने 90वें और 90 6वें और विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 90 1वें मिनट में गोल करके अंतिम क्षणों में पूरी बाजी पलट दी। लालियानजुआला छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मुम्बई सिटी एफसी की टीम अब बढ़त के साथ अपने घरेलू मैदान मुम्बई फुटबॉल एरेना में दूसरे चरण के मुकाबले में खेलेगी।

मैच का पहला गोल 16वें मिनट में आया, जब अटैकिंग मिडफील्डर बोरिस सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बाएं छोर पर एक क्रॉस-फील्ड पास लेने के बाद अटैकिंग मिडफील्डर मोहम्मद यासिर राइट-बैक मेहताब सिंह को छकाने के बाद गेंद लेकर बॉक्स के अंदर घुस गए और फिर उन्होंने छह गज के खतरनाक एरिया में क्रॉस डाला, जिस पर बोरिस ने दाहिने पैर से गेंद को टैप करके गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया जबकि मुम्बई सिटी के गोलकीपर पूरबा लछेन्पा के पास बचाव का कोई मौका नहीं था। यह बोरिस का इस सीजन में तीसरा गोल है। 56वें मिनट में कप्तान व अटैकिंग मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडीस ने गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को 2-0 कर दिया। स्थानापन्न विंगर उदांता सिंह ने बायीं तरफ अटैकिंग थर्ड पर साइड-लाइन के करीब राइट-बैक मेहताब सिंह से गेंद छीनने के बाद क्रॉस पास अपने कप्तान को खिलाया। इसके बाद ब्रैंडन गेंद लेकर अंदर की तरफ आए और फिर उन्होंने बॉक्स के बाहर से करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि मुम्बई सिटी के गोलकीपर पूरबा लछेन्पा अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव करने में विफल रहे। यह ब्रैंडन का लगातार तीन मैचों में तीसरा गोल है।90वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना आठवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। स्थानापन्न मिडफील्डर जयेश राणे ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के अंदर डिफेंस भेदी थ्रू-पास निकाला, जिस पर छांगटे ने बॉक्स के अंदर घुसने के बाद बाएं पोस्ट के आगे से बाएं पैर से गेंद को गोल लाइन के पार पहुंचा दिया जबकि एफसी गोवा के गोलकीपर धीरज सिंह ने उनके आगे आकर ब्लॉक करने की कोशिश जरूर की लेकिन विफल हुए। पांच मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान 90 1वें मिनट में विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को 2-2 की बराबरी दिला दी। स्थानापन्न स्ट्राइकर गुरकीरत सिंह ने बॉक्स के बाहर से ग्राउंडेड शॉट लगाया, जिसे एफसी गोवा के गोलकीपर धीरज सिंह ने ब्लॉक जरूर किया लेकिन रिबाउंड पर गेंद छह गज के खतरनाक इलाके में ही रही और जहां पहुंचकर विक्रम ने गेंद को दाहिने पैर से गोल जाल में उलझा दिया। पांच मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान 90 6वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने रेफरी प्रतीक मंडल की लंबी सीटी बजने से ठीक पहले सीजन का अपना नौवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी की 3-2 से जीत तय कर दी।

# पंत और अक्षर की साझेदारी ने अंतर पैदा किया: आमरे

**नई दिल्ली,**





दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार रन की करीबी जीत दर्ज करने के बाद अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत की सराहना करते हुए कहा कि इनकी बदौलत टीम 20 अतिरिक्त रन जुटाने में सफल रही।

विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। इसके जवाब में टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। अक्षर को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने पर आमरे ने कहा कि निचले क्रम में बल्लेबाजी के अधिक मौके नहीं मिलने के कारण उन्हें ऊपरी क्रम में भेजा गया। आमरे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "अगर आपको याद हो तो पिछले साल भी वह गेंद को काफी अच्छी तरह मार रहा था। उसको आखिरी चार या पांच ओवर में ही मौके मिल रहे थे इसलिए हमारा विचार यही था कि उसे मौका दिया जाए।" उन्होंने कहा,"अक्षर काफी अच्छा खेला लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ऋषभ (पंत) के साथ उसकी साझेदारी थी। उन्होंने 113 रन की साझेदारी की। हम संघर्ष कर रहे थे। हमने पावर प्ले में 44 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। अक्षर ने जो परिपक्वता दिखाई वह हमारी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी और यही कारण है कि हम आखिरी पांच ओवर में 96 रन (97 रन) जोड़ने में सफल रहे।"

आमरे ने कहा, "जब पहले टाउम आउट (स्ट्रेटेजिक ब्रेक) के दौरान मैं मैदान पर गया तो हमने बात की कि कितना स्कोर सही रहेगा। हमने सोचा कि पहले 180 रन पर ध्यान लगाते हैं। ऋषभ हालांकि आत्मविश्वास से भरा था। उसने कहा कि अभी के लिए 180 रन ठीक है लेकिन हम टिके रहे तो और रन बना पाएंगे। उसने अंतिम पांच ओवर में काफी अच्छी बल्लेबाजी की विशेषकर अनुभवी मोहित (शर्मा) के खिलाफ अंतिम ओवर में 31 रन जिससे हम 224 रन तक पहुंच पाए।" आमरे ने कहा कि टीम अभिषेक पोरेल को ट्रिस्टन स्टब्स के साथ फिनिशर की भूमिका में ढाल रही है।

उन्होंने कहा, "अभिषेक पोरेल भी पंजाब के खिलाफ मुकाबले के बाद से अच्छा खेल रहा था। वह गेंद को काफी अच्छी तरह हिट कर रहा है। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी छह बल्लेबाज रन बनाए और बड़ी पारी खेलें। अक्षर अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाया था इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण था। हमें विश्वास था कि पोरेल ऊपरी क्रम और निचले क्रम दोनों में खेल सकता है। हम उसे (ट्रिस्टन) स्टब्स के साथ फिनिशर की भूमिका दे रहे हैं।" आमरे ने समर्थन के लिए दशर्कों की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, "दशर्कों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। वे प्रत्येक मैच में हमारा समर्थन करने आ रहे हैं। उन्होंने हमारी हौसलाअफजाई की। पहले हाफ में नहीं लग रहा था कि हम 180 रन तक भी पहुंच पाएंगे। हमने इसके बाद अतिरिक्त 20 रन बनाए। 240 गेंद में 445 रन बने तो यह दशर्कों के लिए भी क्रिकेट का अच्छा मुकाबला था। वे काफी करीब आए लेकिन इस प्रारूप में एक रन भी काफी अंतर पैदा करता है।" आमरे ने कहा कि उनकी टीम भी पहले बल्लेबाजी करना चाहती थी क्योंकि बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर वे चाहते थे कि बल्लेबाज बिना किसी दबाव के खेलें।

उन्होंने कहा, "हम भी पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। यह काफी अच्छा विकेट था इसलिए बल्लेबाजी इकाई के रूप में महत्वपूर्ण था कि हम बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करें। हमने सोचा था कि अपनी बल्लेबाजी इकाई को बिना किसी दबाव के 120 गेंद खेलने का मौका देते हैं।"चोट के कारण एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी कर रहे पंत की सराहना करते हुए आमरे ने कहा, "उसने काफी अच्छी तैयारी की है। विशाखापत्तनम में शिविर के दौरान वह हवाई अड्डे से सीधा स्टेडियम आ गया। उसने सुनिश्चित किया कि वह प्रत्येक दिन का फायदा उठाए। उसे इसी का फायदा मिल रहा है। कुछ अच्छी पारियां खेलकर उसका आत्मविश्वास बढ़ा और आज उसने अकेले दम पर मैच का रुख पलट दिया। अनुभवी गेंदबाज के खिलाफ 31 रन दिखाता है कि वह अच्छी फॉर्म में है।" टाइटंस के ऑलराउंडर साई किशोर ने कहा कि संदीप वारियर (15 रन तीन विकेट) ने उनकी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन पंत और अक्षर की बल्लेबाजी ने अंतर पैदा किया। उन्होंने कहा, "पावर प्ले में संदीप वारियर ने काफी अच्छी गेंदबाजी की और हमारी स्थिति मजबूत की। अक्षर और पंत ने काफी अच्छी बल्लेबाजी की। उन दोनों, विशेषकर पंत ने अच्छी गेंदों पर भी बाउंड्री लगाई। छक्के ही नहीं बल्कि अच्छी गेंदों पर उन्होंने चौके भी लगाए जिससे वे लय में आ गए। अंतिम दो से तीन ओवर में हमने चौकों से अधिक छक्के खाए जिससे मैच थोड़ा हमारी पकड़ से बाहर हो गया।" साई किशोर को मैच में एकमात्र ओवर फेंकने का मौका दिल्ली की पारी के 19वें ओवर में मिला लेकिन उन्होंने कहा कि जब आपके पास अधिक गेंदबाजी विकल्प हों तो ऐसा होता है। उन्होंने कहा, "हमारे पास गेंदबाजी में काफी विकल्प थे। हमारे पास छह से सात विकल्प थे। अधिकतर टीमों के साथ ऐसा होता है कि कुछ गेंदबाजों को काफी कम गेंदबाजी मिलती है। अगर आपको किसी स्पिनर या गेंदबाज के खिलाफ लगता है कि रन बनने की अधिक संभावना है तो आप उसे गेंदबाजी देने से हिचकते हैं। लेकिन एक गेंदबाज के रूप में आपको हर स्थिति के लिए तैयार रहना पड़ता है।" इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है। साई किशोर ने कहा कि उनकी टीम प्ले ऑफ में क्वालीफाई करने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा, "इस टीम का महत्वपूर्ण पक्ष आत्मविश्वास है।

वर्ष-59, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/00780 अखबार के स्वामी : के के एम पब्लिशर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा.लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
संपादक- अशोक पांडेय*, फोन- 033-48032897 मेल- sutrakaar.news@gmail.com